39. **The Indian Standard Time meridian does not pass through-**
**भारतीय मानक समय की याम्योत्तर नहीं गुजरती है –**
(a) Andhra Pradesh/आन्ध्र प्रदेश से
(b) Chhattisgarh/छत्तीसगढ़ से
(c) Maharashtra/महाराष्ट्र से
(d) Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश से

**UPPCS (Mains) G.S. Ist Paper 2010**

**Ans. (c) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

40. **Which one of the following place is located nearest to the Indian Standard Time meridian?**
**निम्नलिखित में से कौन सा एक स्थान भारतीय मानक समय याम्योत्तर के सबसे नजदीक स्थित है?**
(a) Bilaspur/बिलासपुर (b) Faizabad/फैजाबाद
(c) Koraput/कोरापुट (d) Mirzapur/मिर्जापुर

**UP UDA/LDA (M) G.S. 2010**

**Ans. (d) :** प्रश्नानुसार मिर्जापुर भारतीय मानक समय याम्योत्तर के सबसे नजदीक है।

41. **The difference between Indian Standard Time and Greenwich Mean Time is of-**
**भारतीय प्रामाणिक समय (I.S.T.) एवं ग्रीनविच माध्य समय (G.M.T.) में अन्तर पाया जाता है**
(a) $+4\frac{1}{2}$ hours/ $+4\frac{1}{2}$ घंटे (b) $+5\frac{1}{2}$ hours/ $+5\frac{1}{2}$ घंटे
(c) $-5\frac{1}{2}$ hours/ $-5\frac{1}{2}$ घंटे (d) $-4\frac{1}{2}$ hours/ $-4\frac{1}{2}$ घंटे

**BPSC (Pre.) G.S. 2002**

**Ans. (b) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

42. **If the Sun rises at Tirap in Arunachal Pradesh at 5.00 am (IST), then what time (IST) the Sun will rise in Kandla in Gujarat?**
**यदि अरुणाचल प्रदेश में तिरप (TIRAP) में सूर्योदय 5.00 बजे प्रातः (IST) पर होता है, तो गुजरात में काण्डला में सूर्योदय किस समय (IST) पर होगा?**
(a) About 5:30 a.m./लगभग 5.30 प्रातः
(b) About 6:00 a.m./लगभग 6.00 प्रातः
(c) About 7:00 a.m./लगभग 7.00 प्रातः
(d) About 7:30 a.m./लगभग 7.30 प्रातः

**UPPCS (Pre) GS, 2010**

**Ans. (c) :** भारतीय समय ग्रीनविच से 5.30 घण्टा आगे है देश का मानक समय $82^0 30'$ पूर्व (E) देशान्तर है। चूँकि देश पूर्वी (अरूणाचल प्रदेश) और पश्चिमी (गुजरात) के बीच में 2 घण्टे का अन्तर है, तो जब अरुणाचल प्रदेश में 5 बजे सुबह होगा तो गुजरात में यह समय 7.00 बजे सुबह होगा।

43. **Which one of the following places is called 'Greenwich of India'?/निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान 'भारत का ग्रीनविच' कहा जाता है?**
(a) Rohtak/रोहतक (b) Avanti/अवंती
(c) Ujjain/उज्जैन (d) Kurukshetra/कुरुक्षेत्र

**UPPCS (J) (Pre) G.S. 2016**

**Ans. (c) :** प्राचीन काल से ही उज्जैन को समय की गणना के लिए केन्द्रीय सन्दर्भ बिन्दु के रूप में माना जाता था। इसीलिए उज्जैन को 'भारत का ग्रीनविच' भी कहा जाता है। मुगल काल में जयसिंह द्वितीय द्वारा उज्जैन, दिल्ली, जयपुर, मथुरा तथा वाराणसी में वेधशालाओं का निर्माण भी कराया गया था।

**44. Indian Standard Time refers to the local time of which one of the following places in India?**
**भारतीय मानक समय, भारत के निम्नलिखित में से किस एक नगर के स्थानीय समय को निर्दिष्ट करता है?**

(a) Allahabad/इलाहाबाद (b) Bhopal/भोपाल
(c) Delhi/दिल्ली (d) Lucknow/लखनऊ

**NDA (I) 2008**

**Ans. : (a)** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**45. In which of the following states of India the sun appears first?/भारत में सबसे पहले निम्नलिखित में से किस राज्य में सूरज दिखाई देता है?**

(a) Mizoram/मिजोरम
(b) Assam/असोम
(c) Arunachal Pradesh/अरुणाचल प्रदेश
(d) Nagaland/नागालैंड

**UPPSC Asst. Forest Conservator Exam. 2015**

**Ans. (c) :** भारत में सबसे पहले सूरज अरुणाचल प्रदेश में दिखाई देता है। भारतीय राज्य के रूप में इसकी स्थापना 20 फरवरी, 1987 को हुई थी। इसकी राजधानी ईटानगर है।

**46. The far southern most point of India is-**
**भारत का सुदूरस्थ दक्षिणी बिन्दु है -**

(a) Kanyakumari/कन्याकुमारी
(b) Rameshwaram/रामेश्वरम्
(c) Indira Point/इन्दिरा प्वाइंट
(d) Point Calimere/प्वाइंट कालीमेर

**UP Lower (Pre) G.S. 2002**
**MPPSC (Pre) Opt. Geog. 2007–08**

**Ans. (c) :** भारत का सुदूर दक्षिणी बिन्दु अडंमान–निकोबार द्वीप समूह के बड़ा निकोबार द्वीप में स्थित '**इंदिरा प्वाइंट**' है, जिसे '**पिग्मेलियन प्वाइंट**' अथवा '**पारसन प्वाइंट**' की भी संज्ञा दी जाती है। भारत के मुख्य भूमि का दक्षिणतम् बिन्दु $8^0$4' उत्तरी अक्षांश पर स्थित '**कन्याकुमारी**' या '**केप कमोरिन**' अन्तरीप है जो तमिलनाडु राज्य में स्थित है।

भारत का सबसे उत्तरी बिन्दु लद्दाख में $37^0$6' उत्तरी अक्षांश पर स्थित '**इंदिरा कॉल**' है। देश का सुदूर पश्चिमी बिन्दु गुजरात राज्य के '**गौरमाता**' या '**गुहार माता**' है जबकि पूर्वोत्तर बिन्दु अरुणाचल प्रदेश में स्थित '**किबिथु**' है।

**47. The southernmost point of India, Indira Point is located in-/भारत का सुदूर दक्षिण में 'इंदिरा प्वाइंट' निम्नलिखित में से कहाँ स्थित है?**

(a) Tamilnadu/तमिलनाडु
(b) Little Nicobar/छोटा निकोबार
(c) Great Nicobar/बड़ा निकोबार
(d) Car Nicobar Island/कार निकोबार द्वीप

**MPPSC (Pre) G.S. 2005-06**

**Ans. (c) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**48. Which among the following cities of India will have mid-day Sun exactly overhead only once a year?**
**भारत के निम्नलिखित में से कौन-से शहरों में वर्ष में सिर्फ एक बार मध्याह्न का सूर्य ठीक सिर के ऊपर होता है?**

(a) Delhi and Chennai/दिल्ली एवं चेन्नई
(b) Srinagar and Darjeeling/श्रीनगर एवं दार्जिलिंग
(c) Hyderabad and Kohima/हैदराबाद एवं कोहिमा
(d) Nagpur and Kolkata/नागपुर एवं कोलकाता

**CDS (II) 2012**

**Ans : (d)** नागपुर और कोलकाता में वर्ष में सिर्फ एक बार मध्याह्न का सूर्य ठीक सिर के ऊपर होता है। क्योंकि नागपुर और कोलकाता कर्क रेखा के पास स्थित बड़े शहर है। सूर्य कर्क रेखा से वापस विषुवत रेखा की तरफ वापस घूम जाता है। अतः यह एक बार ही कर्क रेखा के पास सिर के ऊपर होता है।

**49. A particular State in India has the following characteristics:**
**भारत का एक विशेष राज्य निम्नलिखित विशेषताओं से युक्त है :**

1. It is located on the same latitude which passes through northern Rajasthan.
   यह उसी अक्षांश पर स्थित है, जो उत्तरी राजस्थान से होकर जाता है।
2. It has over 80% of its area under forest cover.
   इसका 80% से अधिक क्षेत्र वन आवरणान्तर्गत है।
3. Over 12% of forest cover constitutes Protected Area Network in this State.
   12% से अधिक वनाच्छादित क्षेत्र इस राज्य के रक्षित क्षेत्र नेटवर्क के रूप में है।

**Which one among the following States has all the above characteristics?**
**निम्नलिखित राज्यों में से कौन-सा एक ऊपर दी गई सभी विशेषताओं से युक्त है?**

(a) Arunachal Pradesh/अरुणाचल प्रदेश
(b) Assam /असम
(c) Himachal Pradesh / हिमाचल प्रदेश
(d) Uttarakhand / उत्तराखण्ड

**IAS (Pre) 2012**

**Ans. (a) :** अरुणाचल प्रदेश उसी अक्षांश पर स्थित है, जो उत्तरी राजस्थान से होकर जाता है। 12% से अधिक वनाच्छादित क्षेत्र इस राज्य के रक्षित क्षेत्र नेटवर्क के रूप में है तथा इस राज्य का 80% से अधिक क्षेत्र वन आवरण के अंतर्गत आता है।

## C. संघ एवं राज्य क्षेत्र

# राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेश



| क्र.स. | राज्य | राजधानी | क्षेत्रफल ( वर्ग किमी. ) |
|---|---|---|---|
| 1. | हिमाचल प्रदेश | शिमला | 55,673 |
| 2. | पंजाब | चण्डीगढ़ | 50,362 |
| 3. | उत्तराखण्ड | देहरादून | 53,483 |
| 4. | हरियाणा | चण्डीगढ़ | 44,212 |
| 5. | उत्तर प्रदेश | लखनऊ | 2,40,928 |
| 6. | राजस्थान | जयपुर | 3,42,239 |
| 7. | बिहार | पटना | 94,163 |
| 8. | सिक्किम | गंगटोक | 7,096 |
| 9. | अरूणाचल प्रदेश | ईंटानगर | 8,37,43 |
| 10. | असोम | दिसपुर | 7,84,38 |
| 11. | नागालैण्ड | कोहिमा | 16,579 |
| 12. | गुजरात | गाँधीनगर | 1,96,024 |
| 13. | मध्य प्रदेश | भोपाल | 3,08,252 |
| 14. | झारखण्ड | राँची | 79,714 |
| 15. | पश्चिम बंगाल | कोलकाता | 88,752 |
| 16. | मेघालय | शिलांग | 22,429 |
| 17. | मणिपुर | इम्फाल | 22,327 |
| 18. | छत्तीसगढ़ | रायपुर | 1,35,192 |
| 19. | महाराष्ट्र | मुम्बई | 3,07,713 |
| 20. | त्रिपुरा | अगरतला | 10,491 |
| 21. | मिजोरम | आइजोल | 21,081 |
| 22. | तेलंगाना | हैदराबाद | 1,12,077 |
| 23. | ओडिशा | भुवनेश्वर | 1,55,707 |
| 24. | कर्नाटक | बंगलुरू | 1,91,791 |
| 25. | आन्ध्र प्रदेश | हैदराबाद (अमरावती) | 1,62,967 |
| 26. | गोवा | पणजी | 3,702 |
| 27. | केरल | तिरूवनन्तपुरम | 38,863 |
| 28. | तमिलनाडु | चेन्नई | 1,30,058 |

## भारत के केन्द्र शासित प्रदेश

| क्र.स. | केन्द्र शासित प्रदेश | राजधानी | क्षेत्रफल ( वर्ग किमी. ) |
|---|---|---|---|
| 1. | दिल्ली | नई दिल्ली | 1483 |
| 2. | चण्डीगढ़ | चण्डीगढ़ | 114 |
| 3. | दादरा और नगर हवेली तथा दमन व दीव | सिलवासा | 603 |
| 4. | जम्मू और कश्मीर | श्रीनगर (ग्रीष्मकालीन) जम्मू (शीतकालीन) | 1,20,355 |
| 5. | लद्दाख | लेह | 96,751 |
| 6. | पुदुचेरी | पुदुचेरी | 490 |
| 7. | लक्षद्वीप | कवारत्ती | 32 |
| 8. | अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह | पोर्ट ब्लेयर | 8,249 |

**50. Which one of the following districts of India is the largest in terms of geographical area?**
**भौगोलिक क्षेत्र की दृष्टि से भारत के निम्न जिलों में से कौन-सा जिला सबसे बड़ा है?**

(a) Leh/लेह (b) Kutch/कच्छ
(c) Jaisalmer/जैसलमेर (d) Barmer/बाड़मेर
(e) None of the above/More than one of the above
उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66th BPSC (Pre) 2020**

**Ans. (a) :** जम्मू कश्मीर राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2019 के बाद जम्मू कश्मीर राज्य को दो भागों क्रमशः जम्मू कश्मीर और लद्दाख में पृथक् कर केन्द्र शासित प्रदेश बना दिया गया। अतः लद्दाख केन्द्र शासित प्रदेश में स्थित लेह जिला वर्तमान में भौगोलिक क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा जिला है। इससे पहले भारत का सबसे बड़ा जिला गुजरात राज्य का कच्छ था। बिहार लोक सेवा आयोग ने इन प्रश्न का सही उत्तर विकल्प (b) माना है।

**51. Dandakaranya region is situated in the State of/ दंडकारण्य क्षेत्र किस राज्य में स्थित है?**

(a) Odisha/ओडिशा
(b) Chhattisgarh/छत्तीसगढ़
(c) Andhra Pradesh/आंध्र प्रदेश
(d) Telangana/तेलंगाना
(e) None of the above/More than one of the above
उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66th BPSC (Pre) Re-exam 2020**

**Ans. (e) :** दण्डकारण्य क्षेत्र दक्षिण भारत के प्रायद्वीपीय पठार का एक भाग है, जिसका विस्तार ओडिशा (कोरापुट, मलकानगिरि, कालाहांडी एवं नवरंगपुर), छत्तीसगढ़ (कांकेर, जगदलपुर, दंतेवाड़ा जिला), आंध्र प्रदेश (पूर्वी गोदावरी, विशाखापट्टनम, विजयनगरम तथा श्री काकुलम) के लगभग 89,078 वर्ग किमी. में फैला हुआ है। इसका पूर्व-पश्चिम विस्तार लगभग 480 किमी. तथा उत्तर-दक्षिण विस्तार लगभग 320 वर्ग किमी. है।

**52. Which one of the following Union Territories of India is the smallest in terms of area?**
**भारत में निम्नलिखित केन्द्र शासित प्रदेशों में से कौन क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे छोटा है?**

(a) Dadar and Nagar Haveli/दादर एवं नागर हवेली
(b) Chandigarh/चण्डीगढ़
(c) Lakshadweep/लक्षद्वीप
(d) Daman and Diu/दमन और दीव

**UPPSC ACF-RFO (Mains) I Paper 2019**
**NDA (I) 2019**
**CDS Exam (II), 2020**

**Ans. (c) :** केन्द्र शासित प्रदेशों में से लक्षद्वीप क्षेत्रफल और जनसंख्या की दृष्टि से सबसे छोटा है।

| केन्द्रशासित प्रदेश | क्षेत्रफल (वर्ग किमी.) |
|---|---|
| दादरा एवं नगर हवेली | - 491 |
| चण्डीगढ़ | - 114 |
| दमन और दीव | - 112 |
| लक्षद्वीप | - 32 |

**नोटः-** वर्तमान समय में दादर एवं नगर हवेली तथा दमन और दीव को जोड़कर एक केन्द्र शासित प्रदेश बना दिया गया है।

**53. Which was the Capital of Andhra state when it was made a separate State in the year 1953?**
**वर्ष 1953 में, जब आन्ध्र राज्य एक अलग राज्य बना, तब उसकी राजधानी कौन बनी ?**

(a) Guntur/गुंटूर (b) Kurnool/कुर्नूल
(c) Nellore/नेल्लोर (d) Warangal/वारंगल

**(I.A.S. (Pre) G.S. 2008)**

**Ans. (b) :** जे. बी. पी. समिति ने राज्यों का भाषाई आधार पर गठन की मांग को अस्वीकार कर दिया जिसके विरोध में मद्रास राज्य के तेलुगू भाषियों ने आन्दोलन प्रारंभ कर दिया। पोट्टी श्री रामुल्लू के नेतृत्व में आंदोलन प्रारम्भ हुआ। 56 दिन के आमरण अनशन के बाद 15 दिसम्बर, 1952 को पोट्टी श्री रामुल्लू की मृत्यु हो गई। आन्दोलन तीव्र और हिंसक हो गया। फलस्वरूप पं. नेहरू ने तेलुगू भाषियों के लिए एक नये पृथक राज्य की घोषणा कर दी। इस प्रकार एक नये राज्य (भाषा के आधार पर) आंध्र प्रदेश का गठन (1 अक्टूबर, 1953 को) हुआ। वर्ष 1953 में नवगठित आंध्रप्रदेश राज्य की राजधानी कुर्नूल को बनाया गया। वर्तमान में आंध्र प्रदेश की राजधानी हैदराबाद है। आंध्र प्रदेश से तेलंगाना राज्य बनने के कारण हैदराबाद आंध्र प्रदेश की केवल दस वर्ष ही राजधानी रहेगा। नई राजधानी अमरावती होगी। हाल ही में आंध्र प्रदेश सरकार ने तीन राजधानियाँ घोषित की है, विशाखापत्तनम को कार्यपालिका राजधानी, अमरावती को विधायी राजधानी, कुर्नूल को न्यायिक राजधानी।

**54. Which of the following states was founded in the year 1948?/निम्नलिखित में से किस राज्य का गठन वर्ष 1948 में हुआ?**

(a) West Bengal/पश्चिम बंगाल का
(b) Assam/असोम का
(c) Punjab/पंजाब का
(d) Himachal Pradesh/हिमाचल प्रदेश का

**UP RO/ARO (M) G.S. 2013**

**Ans. (*) :** दिये गये प्रश्नगत विकल्प में कोई भी राज्य का गठन 1948में नही किया गया है। जबकि इन राज्यों का गठन वर्ष इस प्रकार है।

| **भारत के राज्य** | | **गठन वर्ष** |
|---|---|---|
| प. बंगाल | – | राज्य पुनर्गठन अधिनियम के तहत 1956 में |
| असोम | – | 15 अगस्त, 1947 में |
| पंजाब | – | 1 नवम्बर, 1966 में |
| हिमाचल प्रदेश | – | 25 जनवरी, 1971 में |

**55. Silvassa is the capital of/सिलवासा राजधानी है —**

(a) Daman and Diu/दमन एवं दीव की
(b) Dadra and Nagar Haveli/दादरा एवं नगर हवेली की
(c) Lakshadweep/लक्षद्वीप की
(d) Arunachal Pradesh/अरुणाचल प्रदेश की

**UPPCS (Pre) G.S. 2007**

**Ans. (b) :** प्रश्नकाल में, सिलवासा, दादर एवं नागर हवेली की राजधानी थी। वर्तमान में भारत में आठ केन्द्रशासित प्रदेश हैं, जो निम्न है–

| **केन्द्रशासित प्रदेश** | **राजधानी** | **क्षेत्रफल (वर्ग किमी.)** |
|---|---|---|
| अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह | पोर्ट ब्लेयर | 8249 |
| चण्डीगढ़ | चण्डीगढ़ | 114 |
| दादरा और नागर हवेली एवं दमन और दीव | दमन | 603 |
| दिल्ली | नई दिल्ली | 1483 |
| जम्मू और कश्मीर | श्रीनगर (ग्रीष्म कालीन) जम्मू (शीत कालीन) | 120355 |
| लक्षद्वीप | कवारत्ती | 32 |
| पुदुचेरी | पाण्डिचेरी | 490 |
| लद्दाख | लेह | 96751 |

**56. The largest Union Territory of India is**
**भारत का सबसे बड़ा संघ राज्य है–**

(a) Daman and Diu/दमन और दीव
(b) Puducherry/पुडुचेरी
(c) Delhi/दिल्ली
(d) Chandigarh/चण्डीगढ़

**UPPCS (Pre) GS, 2014**

**Ans. (c) :** प्रश्नकाल में, भारत का सबसे बड़ा संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली था। इसका क्षेत्रफल 1483 वर्ग किमी. है। वर्तमान में भारत का सबसे बड़ा संघ राज्य क्षेत्र जम्मू कश्मीर 120355वर्ग किमी. है।

**57. Delhi is- / दिल्ली है-**

(a) a state/एक राज्य
(b) a union territory/एक केंद्र शासित प्रदेश
(c) an autonomous council/एक स्वायत्तशासी परिषद्
(d) None of the above/उपर्युक्त से कोई नहीं

**BPSC (Pre) G.S. 1997-98**

**Ans. (b) :** दिल्ली भारत के आठ केंद्रशासित प्रदेशों में से एक है। 69वें संविधान संशोधन अधिनियम-1991 द्वारा संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का दर्जा देकर इसके लिए विधान सभा और मंत्रिपरिषद का उपबंध किया गया है। 70वें संविधान संशोधन द्वारा दिल्ली तथा पाण्डिचेरी (पुडुचेरी) विधान सभाओं के निर्वाचित सदस्यों को राष्ट्रपति के निर्वाचक मण्डल में सम्मिलित किया गया।

**58. The National Capital Region does not include parts of-**
**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में नहीं सम्मिलित है –**

(a) Haryana/हरियाणा का भाग
(b) Punjab/पंजाब का भाग
(c) Rajasthan/राजस्थान का भाग
(d) Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश का भाग

**UPPCS (Mains) G.S. Ist Paper 2008**

**Ans. (b) :** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, योजना बोर्ड के अनुसार 31 मार्च, 2017 तक लगभग 54884 वर्ग किमी. क्षेत्र (नए समावेशित क्षेत्रों सहित) में विस्तृत है। इसमें हरियाणा (25327 वर्ग किमी.), राजस्थान (13447 वर्ग किमी.) और उत्तर प्रदेश (14826 वर्ग किमी.) तथा सम्पूर्ण संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली (1483 वर्ग किमी.) सम्मिलित है। अतः पंजाब राज्य राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) का हिस्सा नहीं है।
अतः इस प्रकार विकल्प (b) सही है।
**Note:–** NCR क्षेत्र के क्षेत्रफल में सर्वाधिक योगदान हरियाणा (46%, 13 जिले) का तत्पश्चात् उत्तर प्रदेश (27.2%, 8 जिले) के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के 4 अन्य जिले क्रमशः सहारनपुर, मथुरा, अलीगढ़ व बिजनौर को शामिल करने की घोषणा की गई है। राजस्थान (24.6%, 2 जिले) एवं दिल्ली (2.7%) का है।

59. **Sarnath is in the State of- / सारनाथ स्थित है–**
(a) Kerala/केरल में (b) Maharashtra/महाराष्ट्र में
(c) Gujarat/गुजरात में (d) Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश में
**UPPCS (Mains) G.S. Ist Paper 2004**

**Ans. (d) :** 'सारनाथ' उत्तर प्रदेश में वाराणसी के समीप स्थित है। इसी स्थान पर गौतम बुद्ध ने पाँच ब्राह्मण संन्यासियों को अपना प्रथम उपदेश दिया था, जिसे **''धर्मचक्र प्रवर्तन''** के नाम से जाना जाता है। सारनाथ को 'ऋषिपत्तनम या मृगदाव के नाम से भी जाना जाता है। सारनाथ में मौर्य सम्राट अशोक महान ने ईंट से 128 फीट ऊँचे धमेख (धर्मराजिक) बौद्ध स्तूप का निर्माण कराया था। भारत का राष्ट्रीय चिह्न सारनाथ स्थित अशोक के सिंह स्तम्भ की शीर्ष अनुकृति है। इसे भारत सरकार ने 26 जनवरी, 1950 को राष्ट्र चिह्न के रूप में अपनाया।

60. **The city of Ranchi is in/रांची शहर स्थित है–**
(a) Bihar/बिहार में
(b) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश में
(c) Odisha/असोम में
(d) Jharkhand/झारखंड में
**BPSC (Pre) G.S. 2007-08**

**Ans. (d) :** रांची शहर झारखण्ड राज्य में स्थित है। यह शहर झारखण्ड राज्य की राजधानी है। इसे झारखण्ड की शिमला की भी संज्ञा दी जाती है।

61. **Which among the following is the capital of Jharkhand?/झारखण्ड राज्य की राजधानी निम्नलिखित में से कौन सी है?**
(a) Jamshedpur/जमशेदपुर (b) Patna/पटना
(c) Ranchi/राँची (d) Dhanbad/धनबाद
**Uttarakhand UDA/LDA (Pre) G.S. 2006**

**Ans. (c) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

62. **Which one among the following States is smallest in area?/निम्न राज्यों में से किसका क्षेत्रफल सबसे कम है?**
(a) Andhra Pradesh/आन्ध्र प्रदेश
(b) Gujarat/गुजरात
(c) Karnataka/कर्नाटक
(d) Tamil Nadu/तमिलनाडु
**IAS (Pre) G.S. 2003**

**Ans. (d) :** उपर्युक्त दिये गये प्रश्न में क्षेत्रफल के आधार पर राज्यों का क्रम इस प्रकार है—

| | |
|---|---|
| आंध्र प्रदेश | — 2,75,045 वर्ग किमी० |
| तेलंगाना बनने के बाद विभाजित आंध्र प्रदेश का क्षेत्रफल | — 1,62,968 वर्ग किमी० |
| गुजरात | — 1,96,024 वर्ग किमी० |
| कर्नाटक | — 1,91,791 वर्ग किमी० |
| तमिलनाडु | — 1,30,058 वर्ग किमी० |

63. **Cherrapunji is located in-**
**चेरापूंजी अवस्थित है -**
(a) Assam/असोम राज्य में (b) Manipur/मणिपुर राज्य में
(c) Meghalaya/मेघालय राज्य में (d) Mizoram/मिजोरम राज्य में
**BPSC (Pre) G.S. 1996**

**Ans. (c) :** चेरापूंजी, मेघालय में स्थित है, यहां लगभग 1170 सेमी. वर्षा होती है। मॉसिनराम से पहले चेरापूंजी विश्व में सर्वाधिक वर्षा वाला स्थान था। अब यह स्थान मॉसिनराम को प्राप्त हो गया है।

64. **Arrange the following Indian states in descending order of their regional size-**
**भारत के निम्नलिखित राज्यों को उनके क्षेत्रीय आकार के अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिये–**
1. Andhra Pradesh/आन्ध्र प्रदेश
2. Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश
3. Rajasthan/राजस्थान
4. Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश

**Choose the correct answer from the code given below:**
**नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये–**
(a) 3, 1, 4, 2 (b) 3, 2, 1, 4
(c) 4, 2,1, 3 (d) 1, 3, 2, 4
**UPPCS (Main) G.S. 2003)**

**Ans. (b) :** प्रश्नकाल में दिए गए राज्यों को उनके क्षेत्रफल के आधार पर अवरोही क्रम इस प्रकार है।–
राजस्थान–मध्य प्रदेश–आंध्र प्रदेश–उत्तर प्रदेश
अतः विकल्प (b) सही है।
परन्तु वर्तमान में (2 जून, 2014 को) आंध्र प्रदेश से तेलंगाना पृथक् होकर नया राज्य बन जाने के कारण दिए गए राज्यों का क्षेत्रफल के आधार पर अवरोही क्रम इस प्रकार है– राजस्थान–मध्य प्रदेश–उत्तर प्रदेश–आंध्र प्रदेश
शीर्ष चार क्षेत्रफल वाले राज्यों का अवरोही क्रम–

| राज्य | क्षेत्रफल वर्ग किमी. |
|---|---|
| • राजस्थान | 342239 |
| • मध्य प्रदेश | 308252 |
| • महाराष्ट्र | 307713 |
| • उत्तर प्रदेश | 240928 |

65. **Arrange the following Indian States in descending order of their geographical areas:**
**भारत के निम्नलिखित राज्यों को उनके भौगोलिक क्षेत्र के घटते क्रम में व्यवस्थित कीजिए–**
(I) Rajasthan/राजस्थान
(II) Tamil Nadu/तमिलनाडु
(III) Maharashtra/महाराष्ट्र
(IV) Karnataka/कर्नाटक
(a) I, II, III, IV (b) III, I, IV, II
(c) I, III, IV, II (d) III, IV, I, II
**MPPSC (Pre) G.S. I[st] Paper, 2016**

**Ans. (c) :** प्रश्नगत दिये गये राज्यों के क्षेत्रफल (घटते क्रम में) निम्न है।

| राज्य | क्षेत्रफल (वर्ग किमी0) |
|---|---|
| राजस्थान | 3,42,239 |
| महाराष्ट्र | 3,07,713 |
| कर्नाटक | 1,91,791 |
| तमिलनाडु | 1,30,058 |

**नोट–**भारत का कुल क्षेत्रफल 32,87,263 वर्ग किमी. है। यह विश्व के कुल क्षेत्रफल का 2.4% है। भारत का विश्व में क्षेत्रफल की दृष्टि से सातवाँ स्थान है।

**66. The area of India is 2.42% of the area of world, but it has-/भारत का क्षेत्रफल संसार के क्षेत्रफल का 2.42% है, परन्तु इसकी-**

(a) 16% of the total human population/सम्पूर्ण मानव जाति की 16% जनसंख्या है

(b) 17% of the total human population/सम्पूर्ण मानव जाति की 17% जनसंख्या है

(c) 18% of the total human population/सम्पूर्ण मानव जाति की 18% जनसंख्या है

(d) 28% of the total human population/सम्पूर्ण मानव जाति की 28% जनसंख्या है

**BPSC (Pre) G.S. 1994**

**Ans. (b) :** भारत का क्षेत्रफल 32,87,263 वर्ग किमी. है, जो विश्व के कुल क्षेत्रफल का 2.42% है। भारत का क्षेत्रफल के आधार पर विश्व में सातवां स्थान है, जो इस प्रकार है– 1. रूस, 2. कनाडा, 3. संयुक्त राज्य अमेरिका, 4. चीन , 5. ब्राजील, 6. ऑस्ट्रेलिया, 7. भारत, 8. अर्जेन्टीना। सन् 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या 1,21,08,54,977 है, जो विश्व की कुल जनसंख्या का 17.50% है। जनसंख्या के आधार पर भारत का विश्व में दूसरा स्थान है। जनसंख्या के आधार पर विश्व के 5 प्रमुख देश हैं–1. चीन, 2. भारत, 3. संयुक्त राज्य अमेरिका, 4. इण्डोनेशिया, 5. पाकिस्तान।

**67. How much percentage of the total land mass area of India is in Rajasthan?/भारत के कुल भूभाग का कितना प्रतिशत क्षेत्र राजस्थान में है?**

(a) 10.4% (b) 7.9% (c) 13.3% (d) 11.4%

**RAS/RTS (Pre) G.S., 2016**

**Ans. (a) :** राजस्थान राज्य, भारत के क्षेत्रफल की दृष्टि से पहला राज्य है इसका कुल क्षेत्रफल 3 लाख 42 हजार 239 वर्ग किमी. है। जो, भारत के कुल क्षेत्रफल का 10.41% है।

**68. Which of the following statements are true about India? Use the code given below to select the correct answer:**
**निम्नलिखित कथनों में से कौन से भारत के बारे में सही हैं? सही उत्तर के चयन हेतु अधोलिखित कूट का उपयोग कीजिए :**

1. India is the fifth largest country of the world./ भारत विश्व का पाँचवा बड़ा देश है।
2. It occupies about 2.4 per cent of the total area of land hemisphere./यह स्थलमण्डल के कुल क्षेत्रफल का लगभग 2.4 प्रतिशत भाग अधिकृत किए हुए है।
3. Whole of India lies in the torrid zone./समूचा भारत उष्ण कटिबंध में स्थित है।
4. 82° 30' East meridian is used to determine Indian Standard Time./82$^0$ 30' पूर्वी देशान्तर का उपयोग भारतीय मानक समय को निर्धारित करने के लिए किया जाता है।

**Code/कूट :**

(a) 1 and 2/1 और 2 (b) 2 and 3/2 और 3
(c) 1 and 3/1 और 3 (d) 2 and 4/2 और 4

**UPPCS (Main) G.S.,I- Paper, 2006**

**Ans. (d) :** भारत विश्व का सातवाँ बड़ा देश है। क्षेत्रफल के अनुसार भारत से बड़े देश-रूस, कनाडा, संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया। भारत का भौगोलिक क्षेत्रफल 32, 87, 263 वर्ग किमी. है, जो विश्व के कुल क्षेत्रफल का 2.43% हैं। भारत उष्ण तथा उपोष्ण दोनों कटिबन्धों में स्थित है, न कि उष्ण कटिबंध में। 82$^0$30' पूर्वी देशान्तर का उपयोग भारतीय मानक समय को निर्धारित करने के लिए किया जाता है।

**69. The correct sequence of the formation of the following States in descending order is :**
**निम्नलिखित राज्यों के निर्माण का सही अवरोही क्रम है–**

(a) Maharashtra, Rajasthan, Haryana/महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा

(b) Haryana, Rajasthan, Maharashtra/हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र

(c) Rajasthan, Maharashtra, Haryana/राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा

(d) Haryana, Maharashtra, Rajasthan/हरियाणा, महाराष्ट्र, राजस्थान

**UPPCS (Mains) G.S. Ist Paper 2013**

**Ans. (c) :** राजस्थान, महाराष्ट्र तथा हरियाणा का एक राज्य के रूप में प्रशासनिक प्रादुर्भाव क्रमशः 1 नवम्बर, 1956, 1 मई, 1960 और 1 नवम्बर, 1966 को हुआ।

**70. Which among the following Union Territories of India is largest in area?/भारत के निम्नलिखित केन्द्रशासित प्रदेशों में से कौन क्षेत्रफल में सबसे बड़ा है?**

(a) Chandigarh/चण्डीगढ़

(b) Lakshadweep/लक्षद्वीप

(c) Andaman and Nicobar/अण्डमान एवं निकोबार

(d) Daman and Diu/दमन एवं दीव

**UPPSC Asst. Forest Conservator Exam. 2013**

**Ans. (c) :** विकल्प में दिये गये केन्द्रशासित प्रदेशों के क्षेत्रफल निम्नलिखित है–

| **राज्य** | **क्षेत्रफल (वर्ग किमी。)** |
|---|---|
| अण्डमान निकोबार द्वीप समूह | 8,250 |
| चण्डीगढ़ | 114 |
| दमन-दीव, दादर एवं नागर हवेली | 603 |
| लक्षद्वीप | 32 |

**71. Arrange the following states of India on the basis of conferning statehood (starting from the earliest)/भारत के निम्नलिखित राज्यों को, उन्हें राज्य का स्तर प्रदान किए जाने के आधार पर क्रमबद्ध कीजिए (आद्यतम से प्रारंभ कर) :**

1. Arunachal Pradesh/अरूणाचल प्रदेश
2. Nagaland/नागालैंड
3. Sikkim/सिक्किम
4. Meghalaya/मेघालय

**Select the correct answer using the code given below :**
**नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनियेः**

(a) 2 – 4 – 3 – 1 (b) 2 – 1 – 4 – 3
(c) 4 – 1 – 3 – 2 (d) 4 – 1 – 2 – 3

**CDS (II) 2014**

**Ans : (a)** भारत के निम्नलिखित राज्यों को उन्हें राज्य का स्तर प्रदान किये जाने के आधार पर क्रमबद्ध स्वरूप इस प्रकार है–नागालैण्ड (1963), मेघालय (1972), सिक्किम (1975) और अरुणाचल प्रदेश (1987)।

**72. If you travel by road from Kohima to Kottayam, what is the minimum number of States within India through which you can travel, including the origin and the destination?**


**यदि आप कोहिमा से कोट्टयम की यात्रा सड़क मार्ग से करते हैं, तो आपको मूल स्थान और गंतव्य स्थान को मिलाकर भारत के अंदर कम–से–कम कितने राज्यों में से होकर गुजरना होगा?**

(a) 6 (b) 7
(c) 8 (d) 9

**IAS (Pre) 2017**

**Ans. (b) :** यदि आप कोहिमा से कोट्टयम की यात्रा सड़क मार्ग से करते हैं तो आपको मूल स्थान और गंतव्य स्थान को मिलाकर भारत के अंदर कम से कम सात राज्यों (नागालैंड, असम, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु एवं केरल) से होकर गुजरना पड़ेगा।

**73. दिए हुए मानचित्र में संघ शासित क्षेत्र हैं–**



(a) चण्डीगढ़ (b) दमन एवं दीव
(c) दादरा एवं नागर हवेली (d) पाण्डिचेरी

**IAS (Pre) 2001**

**Ans. (c) :** प्रश्नगत चित्र दादर एवं नागर हवेली संघशासित क्षेत्र है।
भारत में 28 राज्य एवं 8 केन्द्र शासित प्रदेश हैं।
क्षेत्रफल के आधार पर सबसे बड़ा संघ शासित प्रदेश अण्डमान व निकोबार द्वीप समूह तथा सबसे छोटा लक्षद्वीप है।

**74. Match list-I (State) with list-II (Capitals) and choose the correct answer using code given below-**
**सूची-I (राज्य) का सूची-II (राजधानियों) से सुमेल कीजिये तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिये–**

| List-I/सूची-I | List-II/सूची-II |
|---|---|
| A. Assam/असोम | 1. Shillong/शिलांग |
| B. Nagaland/नागालैण्ड | 2. Kohima/कोहिमा |
| C. Arunachal Pradesh अरुणाचल प्रदेश | 3. Dispur/दिसपुर |
| D. Meghalaya/मेघालय | 4. Itanagar/ईटानगर |

**Code/कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (d) | 1 | 4 | 2 | 3 |

**UPPCS (Pre) G.S. 1994**

**Ans. (b) :** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है।-

| सूची - I | सूची - II |
|---|---|
| असोम | दिसपुर |
| नागालैण्ड | कोहिमा |
| अरूणाचल प्रदेश | ईटानगर |
| मेघालय | शिलांग |

अतः विकल्प (b) सही सुमेलित है।

**75. Among the following cities, which one is at the highest altitude above mean sea level?/निम्न नगरों में से माध्य समुद्रतल से जिसकी ऊँचाई अधिकतम है?**

(a) Bangalore/बंगलौर (b) Delhi/दिल्ली
(c) Jodhpur/जोधपुर (d) Nagpur/नागपुर

**(IAS (Pre) G.S. 2003)**

**Ans. (a) :** प्रश्नगत दिए गए नगरों की माध्य समुद्र तल से ऊँचाई इस प्रकार है–

| स्थान– | ऊंचाई (समुद्र तल से) |
|---|---|
| बंगलौर | 920 मी. (लगभग) |
| दिल्ली | 214 मी. (लगभग) |
| जोधपुर | 231 मी. (लगभग) |
| नागपुर | 310 मी. (लगभग) |

**76. M एक ऐसे संघ राज्य-क्षेत्र का भ्रमण करना चाहता है, जो 34N° और 77°E पर स्थित है। उसने निम्नलिखित में से किस संघ राज्य-क्षेत्र में जाने की योजना बनाई होगी?**

(a) अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह (b) लक्षद्वीप
(c) पुडुचेरी (d) लद्दाख

**CDS Exam (II), 2021**

**उत्तर (d) :** 31 अक्टूबर 2019 को लद्दाख एक केन्द्रशासित प्रदेश बना। 34° उत्तरी अक्षांश तथा 77° पूर्वी देशांतर रेखा लद्दाख से गुजरती है। त्सोमोरारी लद्दाख एवं जास्कर श्रेणियों के मध्य लेह जिले में स्थित एक हिमानीकृत झील है।
- लद्दाख को दर्रों की भूमि के रूप में भी जाना जाता है।
- लद्दाख को 'ठंडा रेगिस्तान' कहते हैं।


इसका वातावरण अत्यंत कठोर है और यह पृथ्वी पर सबसे ऊंचे और सबसे शुष्क निवास स्थानों में से एक है।

**77. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the Lists :**
**सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :**

**List-I/सूची I**
**(States of NE India)**
**(भारत के पूर्वोत्तर राज्य)**

**A. Tripura/त्रिपुरा**
**B. Mizoram/मिजोरम**
**C. Nagaland/नागालैंड**
**D. Manipur/मणिपुर**

**List-II/सूची II**
**(Location in Map)**
**(नक्शे में अवस्थिति)**




**Code/कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**CDS (II) 2017**

**Ans. (d) :**

- त्रिपुरा राज्य बांग्लादेश तथा म्यांमार की नदी घाटियों के मध्य स्थित है। यह तीन तरफ से बांग्लादेश से घिरा तथा उत्तर-पूर्व में असम तथा पूर्व में मिजोरम से जुड़ा हुआ है। नक्शें में इसकी अवस्थिति (3) है।
- मिजोरम पूर्व और दक्षिण में म्यांमार, पश्चिम में बांग्लादेश, उत्तर पश्चिम में त्रिपुरा, उत्तर में असम तथा उत्तर-पूर्व में मणिपुर है। नक्शें पर इसकी अवस्थिति (4) है।
- नागालैण्ड के पश्चिम तथा उत्तर में असम, पूर्व में म्यांमार तथा दक्षिण में मणिपुर है। इसके पूर्वोत्तर में अरुणाचल प्रदेश है। नक्शे पर इसकी अवस्थिति (1) है।
- मणिपुर के पूर्व में म्यांमार, दक्षिण-पश्चिम में असम, उत्तर में नागालैण्ड और दक्षिण तथा दक्षिण-पश्चिम में मिजोरम हैं। नक्शें पर इसकी अवस्थिति (2) है।

**78. Match List–I with List-II and select the correct answer using the code given below the Lists :**
**सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :**

| | List–I/सूची-I *(Region/क्षेत्र)* | | List–II/सूची-II *(State/राज्य)* |
|---|---|---|---|
| A. | Baghelkhand बघेलखण्ड | 1. | West Bengal पश्चिम बंगाल |
| B. | Kuttanad कुट्टनाड | 2. | Madhya Pradesh मध्य प्रदेश |
| C. | Saurashtra/सौराष्ट्र | 3. | Kerala/केरल |
| D. | Rarh/राढ़ | 4. | Gujarat/गुजरात |

***Code :/कूट :***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (d) | 1 | 4 | 3 | 2 |

**CDS (II) 2015**

**Ans : (a)** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है–

| **सूची–I/(क्षेत्र)** | **सूची–II/(राज्य)** |
|---|---|
| बघेलखण्ड | मध्य प्रदेश |
| कुट्टनाड | केरल |
| सौराष्ट्र | गुजरात |
| राढ़ | पश्चिम बंगाल |

अतः विकल्प (a) सही सुमेलित है।

**79. Consider the following Indian States:**
**निम्नलिखित भारतीय राज्यों पर विचार कीजिए :**

1. Chhattisgarh / छत्तीसगढ़
2. Telangana / तेलंगाना
3. Andhra Pradesh / आंध्र प्रदेश
4. Uttarakhand / उत्तराखंड
5. Tamil Nadu / तमिलनाडु

**Which among, the States given above are the largest and smallest respectively (in terms of geographical area)?**
**उपर्युक्त राज्यों में से कौन-से क्रमशः वृहत्तम और लघुतम हैं (भौगोलिक क्षेत्र के आधार पर) ?**

(a) 3 and 4 (b) 3 and 2
(c) 1 and 4 (d) 2 and 5

**CDS (II) 2015**

**Ans : (a)** दिए गए विकल्पों में वृहत्तम राज्य (भौगोलिक क्षेत्र के आधार पर) **आन्ध्र प्रदेश** है। जबकि लघुत्तम राज्य **उत्तराखण्ड** है। वास्तव में भारत का सबसे बड़ा क्षेत्रफल वाला राज्य **राजस्थान (342,239 वर्ग किमी.)** और न्यूनतम क्षेत्रफल वाला राज्य **गोवा** (3702 वर्ग किमी.) है।

| **राज्य** | **क्षेत्रफल (वर्ग किमी.)** |
|---|---|
| छत्तीसगढ़ | 135,192 |
| तेलंगाना | 112,077 |
| आंध्र प्रदेश | 162967 |
| उत्तराखण्ड | 53,483 |
| तमिलनाडु | 130,058 |

**80. Consider the following places of Kashmir region :**
**कश्मीर क्षेत्र के निम्नलिखित स्थानों पर विचार कीजिए :**

1. Srinagar/श्रीनगर 2. Gilgit/गिलगित
3. Kargil/कारगिल 4. Banihal/बनिहाल


**Arrange the above places from north to south using the code given below :**
**नीचे दिए कूट का प्रयोग कर उपर्युक्त स्थानों को उत्तर से दक्षिण की ओर क्रमबद्ध कीजिए :**

(a) 1 – 2 – 3 – 4 (b) 4 – 3 – 2 – 1
(c) 2 – 3 – 1 – 4 (d) 2 – 1 – 3 – 4

**CDS (II) 2010**

**Ans : (c)** दिए गए कश्मीर क्षेत्र के स्थानों का उत्तर से दक्षिण की ओर क्रम इस प्रकार है–गिलगिट–कारगिल–श्रीनगर और बनिहाल। उल्लेखनीय है कि 1998 में कारगिल क्षेत्र में ही भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के मध्य युद्ध हुआ था जिसमें पाकिस्तान को मुँह की खानी पड़ी थी।

**81. दिए गए मानचित्र में पाण्डिचेरी संघ राज्य-क्षेत्र के A, B, C एवं D से चिह्नांकित विभिन्न बंदरगाहों को उनके संबंधित नामों से सुमेलित कीजिए तथा बंदरगाहों की सूची के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए –**




**सूची (पाण्डिचेरी के बंदरगाह)**

1. करैकल 2. माहे 3. पाण्डिचेरी 4. यनम

**कूट :**

(a) A-2, B-1, C-3, D-4 (b) A-1, B-2, C-3, D-4
(c) A-2, B-1, C-4, D-3 (d) A-1, B-2, C-4, D-3


**IAS (Pre) 2000**

**Ans. (a) :** पाण्डिचेरी का क्षेत्रीय वर्गीकरण अपने आप में अद्वितीय है। यह चार भागों में विभाजित है, जो निम्न हैं –

| **जिला** | **क्षेत्रफल (वर्ग किमी.)** | **अवस्थित मुख्यालय** |
|---|---|---|
| 1. कराइकल | 161 | तमिलनाडु (तंजौर जिला से कराइकल घिरा हुआ) |
| 2. माहे | 9 | केरल माहे |

| | | |
|---|---|---|
| 3. पाण्डिचेरी | 290 | तमिलनाडु (दक्षिणी अर्काट जिले से घिरा हुआ) |
| 4. यनम | 20 | आंध्र प्रदेश (पूर्वी गोदावरी जिले घिरा हुआ) |

**82. गुजरात के कच्चे रूपरेखा मानचित्र में 1, 2, 3, 4 अंकों से दिखाए गए चार रेलवे जंक्शन क्रमशः हैं –**




(a) पालनपुर, मेहसाना, अहमदाबाद और बड़ोदरा
(b) मेहसाना, सुरेन्द्रनगर, राजकोट और जूनागढ़
(c) पालनपुर, कांडा, भुज और ओकला
(d) अहमदाबाद, बड़ोदरा, भावनगर और भड़ौच

**IAS (Pre) 1998**

**Ans. (b) :** ऊपर दिये गये गुजरात के मानचित्र में अंकित 1, 2, 3 तथा 4 बिन्दु क्रमशः मेहसाना, सुरेन्द्र नगर, राजकोट तथा जूनागढ़ रेलवे जंक्शन हैं।

**83. Consider the following features of a border district of India and identify the district using the code given below :**
**भारत के एक सीमावर्ती ज़िले की निम्नलिखित विशिष्टताओं पर विचार कीजिए और उसके नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उस ज़िले को पहचानिए :**

**Situated at the height of 10000 feet, which is enchanted with scenic beauty, the district is surrounded by two nations in the north and south-west. River Nyamjang-chu runs through it. Potato, maize and millet are the main crops of the district. Besides monasteries, tourist attractions of the district and its surrounding places include Sella Pass, P. Tso. Lake, War Memorial, Jaswant Garh, etc. Losar is one of the prominent festivals of the district.**

**10000 फुट की ऊँचाई पर अवस्थित, प्राकृतिक सुन्दरता से मंत्रमुग्ध कर देने वाला यह ज़िला उत्तर और दक्षिण-पश्चिम में दो राष्ट्रों से घिरा हुआ है। नदी न्यामजंग-चू इससे गुज़रती है। आलू, मक्का और ज्वार-बाजरा इस ज़िले की मुख्य फ़सलें हैं। मठों के अतिरिक्त, इस ज़िले और इसके आसपास के स्थानों के पर्यटक आकर्षणों में सेला पास, पी० त्सो० लेक, वॉर मेमोरियल, जसवन्त गढ़ इत्यादि प्रमुख हैं। लोसर इस ज़िले के प्रमुख त्योहारों में से एक है।**

(a) Lohit/लोहित
(b) Tawang/तवांग
(c) Kangra/कांगड़ा
(d) West Sikkim/पश्चिमी सिक्किम

**CDS (I) 2010**

**Ans : (b)** अरुणाचल प्रदेश का तवांग जिला जो 10000 फुट की ऊँचाई पर स्थित है। जो प्राकृतिक सुन्दरता से मंत्रमुग्ध कर देने वाला है। यहाँ कि मुख्य फसल **ज्वार, बाजरा, आलू, मक्का** आदि है। विदित है कि लोसर इस जिले के प्रमुख त्योहारों में से एक है।

**84. What is the correct chronological order of the following states as per their areas?**
**क्षेत्रफल के अनुसार निम्नलिखित राज्यों का सही अवरोही क्रम क्या है?**

1. Andhra Pradesh/आंध्र प्रदेश
2. Bihar/बिहार
3. Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश
4. Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश

**Codes/कूट :**
(a) 3, 2, 4, 1
(b) 1, 2, 3, 4
(c) 4, 3, 2, 1
(d) 3, 4, 1, 2

**BPSC (Pre) G.S. 1995**

**Ans. (d) :** वर्तमान आँकड़ों के अनुसार राज्यों का क्रम निम्न है-

| **प्रदेश** | **क्षेत्रफल** |
|---|---|
| मध्य प्रदेश | 308252 किमी.$^2$ |
| उत्तर प्रदेश | 240928 किमी.$^2$ |
| आंध्र प्रदेश | 162967 किमी.$^2$ |
| बिहार | 94163 किमी.$^2$ |

**85. Which are the northernmost, southernmost, easternmost and westernmost landlocked states in India in this order with no international borders.**
**बिना अन्तर्राष्ट्रीय सीमाओं से लगे, स्थलबद्ध राज्यों में कौन-से राज्य भारत में अधिकतम उत्तरी, दक्षिणी, पूर्वी तथा पश्चिमी राज्य है ?**

(a) Himachal Pradesh, Tamil Nadu, Assam. Gujarat /हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु, असम, गुजरात
(b) Haryana, Andhra Pradesh, Assam. Madhya Pradesh/हरियाणा, आन्ध्र प्रदेश, असम, मध्य प्रदेश
(c) Himachal Pradesh. Kerala, Mizoram, Gujarat/हिमाचल प्रदेश, केरल , मिजोरम, गुजरात
(d) Haryana, Telangana, Jharkhand, Madhya Pradesh/हरियाणा, तेलंगाना, झारखण्ड, मध्य प्रदेश

**Haryana PSC (PRE) 2021**

**Ans. (d) :** बिना अन्तर्राष्ट्रीय सीमाओं से लगे, स्थलबद्ध राज्यों में भारत में अधिकतम उत्तरी, दक्षिणी, पूर्वी तथा पश्चिमी राज्य हरियाणा, तेलंगाना, झारखण्ड तथा मध्य प्रदेश हैं।

- **हरियाणा के सीमावर्ती राज्य-** पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली (के.शा.प्र.) व राजस्थान है।
- **तेलंगाना के सीमावर्ती राज्य-** आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ है।
- **झारखण्ड के सीमावर्ती राज्य-** बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़ व उत्तर प्रदेश है।
- **मध्य प्रदेश के सीमावर्ती राज्य-** उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र तथा छत्तीसगढ़ है।

**नोटः–** भारत के सुदूर उत्तरी, दक्षिणी, पूर्वी व पश्चिमी राज्य/ केन्द्रशासित प्रदेश क्रमशः लद्दाख (के.शा.प्र.), अण्डमान निकोबार द्वीप समूह (के.शा.प्र.), अरुणाचल प्रदेश व गुजरात है।

**86. Out of the four southern States : Andhra Pradesh, Karnataka, Kerala and Tamil Nadu, which shares boundaries with the maximum number of Indian States ?/चार दक्षिणी राज्य : आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में से कौन सा, सबसे अधिक भारतीय राज्यों के साथ सीमावर्ती है?**

(a) Andhra Pradesh Only/केवल आन्ध्र प्रदेश
(b) Karnataka Only/केवल कर्नाटक
(c) Each of Andhra Pradesh and Karnataka/आन्ध्र प्रदेश और कर्नाटक में से प्रत्येक
(d) Each of Tamil Nadu and Kerala
तमिलनाडु और केरल में से प्रत्येक

**(I.A.S. (Pre) G.S. 2007)**

**Ans. (c) :** आंध्र प्रदेश के साथ ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, कर्नाटक तथा तमिलनाडु राज्यों की सीमाएँ स्पर्श करती हैं, जबकि कर्नाटक की सीमा महाराष्ट्र, तेलंगाना, आन्ध्रप्रदेश, तमिलनाडु, केरल एवं गोवा राज्यों की सीमा को स्पर्श करती है। केरल राज्य की सीमा कर्नाटक और तमिलनाडु को स्पर्श करती हैं तथा तमिलनाडु की सीमा केरल, कर्नाटक और आन्ध्र प्रदेश को स्पर्श करती है। यद्यपि वर्तमान समय में कर्नाटक सर्वाधिक 6 राज्यों की सीमाओं को छूता है लेकिन प्रश्नकाल के समय तेलंगाना राज्य का गठन नहीं हुआ था। अतः उत्तर (c) सही होगा।

**87. Which of the following States border Uttar Pradesh?/निम्नलिखित राज्यों में से कौन-से उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती हैं?**

1. Punjab/पंजाब
2. Rajasthan/राजस्थान
3. Chattisgarh/छत्तीसगढ़
4. Jharkhand/झारखण्ड

**Select the correct answer using the code given below.**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए -**

(a) 1, 2, 3 and 4/1, 2, 3 और 4 (b) 2, 3 and 4/2, 3 और 4
(c) 1 and 4/1 और 4 (d) 1 and 3/1 और 3

**(IAS (Pre) G.S. 2005)**

**Ans. (b) :** उत्तर प्रदेश भारत के सीमान्त प्रदेशों में से एक है। इसके उत्तर में– हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड एवं नेपाल, दक्षिण में मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़, पूर्व में बिहार एवं झारखण्ड तथा पश्चिम में हरियाणा, दिल्ली तथा राजस्थान स्थित है। जबकि पंजाब उत्तर प्रदेश की सीमा को स्पर्श नहीं करता है।

**88. The border of Chhattisgarh does not connects-**
**छत्तीसगढ़ की सीमा उभयनिष्ट नहीं है।**

(a) Maharashtra/महाराष्ट्र के साथ (b) Bihar/बिहार के साथ
(c) Odisha/ओडिशा के साथ
(d) Andhra Pradesh/आंध्र प्रदेश के साथ

**UP RO/ARO (M.) G.S. 2013**

**Ans. (b) :** छत्तीसगढ़ की सीमा बिहार के साथ उभयनिष्ठ नहीं है। अतः विकल्प (b) सही उत्तर होगा। जबकि अन्य दिये गये राज्यों की सीमा छतीसगढ़ राज्य के साथ उभयनिष्ठ सीमा बनाती है।

**89. Which State of India touches maximum State boundaries?/भारत का कौन-सा राज्य अधिकतम राज्य सीमाओं को छूता है?**

(a) Madhya Pradesh/मध्यप्रदेश (b) Karnataka/कर्नाटक
(c) Andhra Pradesh/आन्ध्र प्रदेश (d) Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश

**MP PSC (Pre) 2018**

**Ans. (d) : उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती राज्य–** छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, बिहार, झारखण्ड।
**मध्य प्रदेश की सीमा से लगे राज्य–** छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश।
**कर्नाटक के सीमावर्ती राज्य–**महाराष्ट्र, गोवा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल।
**आंध्र प्रदेश से सटे राज्य–** तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, ओडिशा, छत्तीसगढ़।
अतः स्पष्ट है कि उत्तर प्रदेश राज्य की सीमा अधिकतम राज्यों को छूती है।

**90. Which one of the following major Indian cities is most eastward located?/निम्नलिखित प्रमुख भारतीय नगरों में से कौन सा एक सबसे अधिक पूर्व की ओर अवस्थित है?**

(a) Hyderabad/हैदराबाद (b) Bhopal/भोपाल
(c) Lucknow/लखनऊ
(d) Benguluru (Bangalore)/बंगलुरू (बंगलौर)

**(I.A.S. (Pre) G.S. 2007)**

**Ans. (c) :** दिये गये नगरों को मानचित्र में देखने से स्पष्ट है कि उत्तर प्रदेश की राजधानी नगर लखनऊ सबसे पूर्व में स्थित है। भोपाल मध्य प्रदेश की, हैदराबाद तेलंगाना की तथा बंगलुरु कर्नाटक की राजधानी है।

**91. Which of the following statement is correct?**
**निम्न वाक्यों में कौन सा सही है–**

(a) The border of Madhya Pradesh touches seven states/मध्य प्रदेश की सीमा सात राज्यों से लगी है
(b) Bhopal is located in the north of tropic of cancer/भोपाल कर्क रेखा के उत्तर में स्थित है
(c) The border of State of Punjab does not touch Jammu-Kashmir anywhere/पंजाब राज्य की सीमा कहीं भी जम्मू-कश्मीर से नहीं मिलती
(d) There is no National park in Arunachal Pradesh/अरुणाचल प्रदेश में कोई राष्ट्रीय पार्क नहीं है

**UPPCS (Pre.) G.S. 1993**

**Ans. (a) :** प्रश्न काल (1993) में मध्य प्रदेश की सीमा सात राज्यों से लगी थी किन्तु छत्तीसगढ़ के पृथक् हो जाने के कारण वर्तमान में मध्य प्रदेश की सीमा पाँच राज्यों (उ.प्र., राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़) से लगी है। भोपाल, कर्क रेखा के दक्षिण में स्थित है जबकि अरुणाचल प्रदेश में दो राष्ट्रीय पार्क नामदफा राष्ट्रीय पार्क व माउलिंग राष्ट्रीय पार्क स्थित है। पंजाब राज्य की सीमा जम्मू एवं कश्मीर से मिलती है।

**92. Assam is surrounded by how many states and Union Territories?/असोम कुल मिलाकर कितने राज्यों एवं केन्द्र शासित क्षेत्रों से घिरा हुआ है?**

(a) 6 (b) 7 (c) 8 (d) 9

**BPSC (Pre.) G.S. 2002**

**Ans. (b) :** असोम राज्य को पश्चिम बंगाल, मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम, मणिपुर, नागालैण्ड, अरुणाचल प्रदेश अर्थात् सात राज्यों की सीमा छूती है तथा दो देश भूटान और बांग्लादेश की सीमा भी असोम राज्य से मिलती है।

**93. Which one among the following Indian States shares boundaries with the largest number of States?/निम्नलिखित में से कौन-सा एक भारतीय राज्य वृहत्तम संख्या में राज्यों की सीमाओं में लगा है?**

(a) Madhya Pradesh / मध्यप्रदेश (b) Chhattisgarh / छत्तीसगढ़
(c) Maharashtra / महाराष्ट्र (d) Assam / असम

**CAPF (AC) Paper-I 2012**

**Ans. (c & d) :** असम की सीमा 7 राज्यों की सीमाओ से जबकि महाराष्ट्र की सीमा 6 राज्यो से छत्तीसगढ़ की सीमा 7 राज्यों से, पश्चिम बंगाल की सीमा 5 राज्यों से, आन्ध्र प्रदेश की सीमा 5 राज्यों से तथा मध्य प्रदेश की सीमा 5 राज्यो से मिलती है। जबकि प्रश्नकाल के समय छतीसगढ़ एवं आन्ध्रप्रदेश की सीमा क्रमशः 6 तथा 4 राज्यों से मिलती थी।

**94. Which one among the following States shares common boundaries with maximum number of other States?**
**निम्नलिखित राज्यों में से किस एक की सीमाएँ अन्य राज्यों की अधिकतम संख्या के साथ साझी हैं?**

(a) Madhya Pradesh / मध्य प्रदेश
(b) West Bengal / पश्चिम बंगाल
(c) Chhattisgarh / छत्तीसगढ़
(d) Andhra Pradesh / आन्ध्र प्रदेश

**CAPF (AC) Paper-I 2013**

**Ans. (c) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

## D. सीमावर्ती देश



अफगानिस्तान
(106किमी.)
लद्दाख
जम्मू और कश्मीर
हिमाचल प्रदेश
चीन
(3488 किमी.)
पाकिस्तान
(3323 किमी.)
पंजाब
उत्तराखण्ड
हरियाणा
सिक्किम
नेपाल
(1751 किमी.)
अरुणाचल प्रदेश
भूटान
(699 किमी.)
राजस्थान
उत्तर प्रदेश
असोम
नागालैण्ड
बिहार
मेघालय
मणिपुर
बांग्लादेश
(4096 किमी.)
गुजरात
पं. बंगाल
मिजोरम
लक्षद्वीप
अण्डमान निकोबार द्वीप समूह

| देश | लम्बाई ( किमी. ) | सीमा से संबद्ध ( लगे हुए ) भारतीय राज्य |
|---|---|---|
| बांग्लादेश | 4,096 | पश्चिम बंगाल, असोम, मेघालय, त्रिपुरा एवं मिजोरम |
| चीन | 3,488 | लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, सिक्किम एवं अरूणाचल प्रदेश |
| पाकिस्तान | 3,323 | लद्दाख, जम्मू और कश्मीर, पंजाब, राजस्थान एवं गुजरात |
| नेपाल | 1,751 | उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल एवं सिक्किम |
| म्यांमार | 1643 | अरूणाचल प्रदेश, नागालैण्ड, मणिपुर एवं मिजोरम |
| भूटान | 699 | पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असोम एवं अरूणाचल प्रदेश |
| अफगानिस्तान | 106 | लद्दाख |
| **कुल** | **15,106** | **नोटः- सामान्यतः भारत का स्थलीय सीमा लगभग 15,200 किमी. माना जाता है।** |

**95. The boundary between India and Pakistan was demareated by-/भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा निर्धारित की गई थी–**

(a) Durand line/डूरण्ड रेखा द्वारा
(b) McMahon line/मैकमोहन रेखा द्वारा
(c) Maginot line/मैग्नीनॉट रेखा द्वारा
(d) Radcliffe line/रेडक्लिफ रेखा द्वारा

**UPPCS (Pre) G.S. 1996**

**Ans. (d) : मैकमोहन रेखा** – यह चीन तथा भारत के बीच सर हेनरी मैकमोहन द्वारा अंकित की गई थी। यह सन् 1914 में भारत की तत्कालीन ब्रिटिश सरकार और तिब्बत के बीच शिमला समझौता के तहत अस्तित्व में आयी थी।

**मैगीनॉट रेखा** – फ्रांस और जर्मनी के बीच की सीमा रेखा।

**रेडक्लिफ रेखा** – भारत तथा पाकिस्तान के बीच 15 जून, 1947 को सर सिरिल (Cyril) रेडक्लिफ द्वारा तय की गयी थी।

**डूरण्ड रेखा** – भारत तथा अफगानिस्तान के बीच सर मार्टिमर डूरण्ड द्वारा सन् 1896 में स्थापित की गयी थी।

**ओडरनीस रेखा** – जर्मनी और पोलैण्ड के बीच की सीमा रेखा।

**96. The Boundary line between India and Pakistan is an example of/भारत तथा पाकिस्तान के मध्य सीमा-रेखा एक उदाहरण है-**

(a) Superimposed boundary/अध्यारोपित सीमा का
(b) Antecedent boundary/पूर्ववर्ती सीमा का
(c) Relict boundary/अवशिष्ट सीमा का
(d) Subsequent boundary/परवर्ती सीमा का

**MPPSC (Pre) G.S. I[st] Paper, 2016**

**Ans. (a) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**97. Radcliffe line defines boundary between-
रेडक्लिफ लाइन सीमा निर्धारित करती है –**

(a) North Korea and South Korea
उत्तर कोरिया एवं दक्षिण कोरिया के बीच
(b) U.S.A. and Canada
**20. Which one of the following gives correct sequence of Himalayan peaks in the direction east to west?**
**निम्न में से कौन हिमालय की चोटियों के पूर्व से पश्चिम दिशा में सही क्रम को प्रस्तुत करता है?**

(a) Dhaulagiri, Kanchenjunga, Makalu, Mount Everest/धौलागिरि, कंचनजंगा, मकालू, माउण्ट एवरेस्ट
(b) Namcha Barwa, Kanchenjunga, Nanda Devi, Mount Everest/नमचा बरवा, कंचनजंगा, नन्दादेवी, माउण्ट एवरेस्ट
(c) Makalu, Dhaulagiri, Kumaun, Namcha Barwa/मकालू, धौलागिरि, कुमाऊँ, नमचा बरवा
(d) Namcha Barwa, Kanchenjunga, Mount Everest, Nanda Devi/नमचा बरवा, कंचनजंगा, माउण्ट एवरेस्ट, नन्दादेवी

**UPPCS (Mains) Spl. G.S. Ist Paper 2008**

**Ans. (d) :** हिमालय की चोटियों के पूर्व से पश्चिम दिशा में सही क्रम इस प्रकार है- नमचा बरवा (अरुणाचल प्रदेश), कंचनजंगा (सिक्किम), माउण्ट एवरेस्ट (नेपाल) तथा नन्दादेवी (उत्तराखण्ड)।

**21. The Pir Panjal Range is found in:**
**पीर पंजाल श्रेणी पाई जाती है -**

(a) Arunachal Pradesh/अरुणाचल प्रदेश में
(b) Jammu and Kashmir/जम्मू एवं कश्मीर में
(c) Punjab/पंजाब में
(d) Uttarakhand/उत्तराखंड में

**UPPCS (Mains) G.S. Ist Paper 2007**

**Ans. (b) :** मध्य हिमालय की पीरपंजाल श्रेणी जम्मू-कश्मीर में पायी जाती है तथा अन्य कतिपय श्रेणियाँ, जैसे – धौलाधर श्रेणी - हिमाचल प्रदेश में; नाग–टिब्बा श्रेणी व महाभारत श्रेणी - नेपाल में; मसूरी श्रेणी - कुमाऊँ में पायी जाती है।

22. **Which of the following is the correct order of the Himalayan Range from east to west?**
**निम्नलिखित समूहों में कौन सा पूर्व से पश्चिम की ओर पर्वत शिखरों का सही क्रम है?**
(a) Everest, Kanchenjunga, Annapurna, Dhaulagiri
एवरेस्ट, कंचनजंगा, अन्नपूर्णा, धौलागिरि
(b) Kanchenjunga, Everest, Annapurna, Dhaulagiri
कंचनजंगा, एवरेस्ट, अन्नपूर्णा, धौलागिरि
(c) Kanchenjunga, Dhaulagiri, Annapurna, Everest
कंजनजंगा, धौलागिरि, अन्नपूर्णा, एवरेस्ट
(d) Everest, Kanchenjunga, Dhaulagiri, Annapurna
एवरेस्ट, कंचनजंगा, धौलागिरि, अन्नपूर्णा

**Uttarakhand PCS (Pre) G.S. I[st] 2014-15**

**Ans. (b) :** पूर्व से पश्चिम की ओर पर्वत शिखरों का सही क्रम है – कंचनजंगा→एवरेस्ट→अन्नपूर्णा→धौलागिरि। कंचनजंगा विश्व की तीसरी सबसे ऊँची चोटी है। यह पूर्व के तीस्ता नदी और पश्चिम में तामूर नदी के बीच स्थित कंचनजंगा हिमालय में स्थित है। एवरेस्ट विश्व की सर्वोच्च चोटी है। यह नेपाल और तिब्बत की सीमा पर स्थित है। इसकी ऊँचाई 8848.86 मी0 है।
अन्नपूर्णा चोटी की स्थिति उत्तर-मध्य नेपाल में है। धौलागिरि चोटी भी नेपाल के मध्य में स्थित है।

23. **The Lesser Himalaya is located in between:**
**लघु हिमालय स्थित है मध्य में -**
(a) Trans-Himalaya and Great Himalaya/ट्रांस हिमालय और महान हिमालय
(b) Shiwalik and Great Himalaya/शिवालिक और महान हिमालय
(c) Trans-Himalaya and Shiwalik/ट्रांस हिमालय और शिवालिक
(d) Shiwalik and Outer Himalaya/शिवालिक और बाह्य हिमालय

**Uttarakhand PCS (Pre) G.S. 2006-07**

**Ans. (b) :** लघु हिमालय, शिवालिक एवं महान हिमालय के मध्य में स्थित है। यह हिमालय की सबसे अधिक असम शृंखला है जिसे हिमाचल हिमालय या निम्न हिमालय के नाम से भी जाना जाता है। इन शृंखलाओं का निर्माण अत्यधिक संपीडित तथा परिवर्तित शैलों से हुआ है। इसकी ऊँचाई 3700 मी. से 4500 मीटर के बीच तथा औसत चौड़ाई 50 किमी. है। लघु हिमालय की सबसे लम्बी शृंखला पीरपंजाल है। धौलाधर तथा महाभारत अन्य महत्वपूर्ण शृंखलायें हैं। इसी शृंखला में कश्मीर की घाटी तथा हिमाचल के कांगड़ा एवं कुल्लू की घाटियाँ स्थित है। मेन सेन्ट्रल थ्रस्ट महान हिमालय को मध्य हिमालय से अलग करता है जबकि मेन बाउन्डरी फाल्ट मध्य हिमालय को शिवालिक से अलग करता है।

24. **The altitude of Shiwalik peaks falls in between:**
**शिवालिक श्रेणियों की ऊँचाई है—**
(a) 850-1200 m/850-1200 मीटर के मध्य
(b) 750-1100 m/750-1100 मीटर के मध्य
(c) 750-1500 m/750-1500 मीटर के मध्य
(d) 750-1300 m/750-1300 मीटर के मध्य

**Uttarakhand PCS (Pre) G.S. 2009-10**

**Ans. (a) :** उप हिमालय या शिवालिक या बाह्य हिमालय, यह हिमालय की सबसे बाहरी एवं नवीनतम् श्रेणी है। इसे बाह्य हिमालय भी कहते हैं। शिवालिक का निर्माण सिनोजोइक युग में हुआ। यह पंजाब में पोतवार बेसिन के दक्षिण से आरंभ होकर पूर्व की ओर कोसी नदी तक अर्थात् $87^o$ पूर्वी देशांतर तक फैली है। यह 10 से 50 किमी. चौड़ी है। इसकी औसत ऊँचाई 900 से 1100 मी. के बीच पाई जाती है।

25. **The Shiwalik ranges are the parts of-**
**शिवालिक पहाड़ियाँ निम्न में से किसका हिस्सा हैं?**
(a) Aravalli/अरावली
(b) Western Ghat/पश्चिमी घाट
(c) Himalaya/हिमालय
(d) Satpura/सतपुड़ा

**MPPSC (Pre) G.S. I[st] Paper 2013**

**Ans. (c) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

26. **Shiwalik ranges were formed in :**
**शिवालिक श्रेणी का निर्माण हुआ-**
(a) Eozoic/इयोजोइक में
(b) Paleozoic/पैल्योजोइक में
(c) Mesozoic/मेसोजोइक में
(d) Cenozoic/सिनोजोइक

**BPSC (Pre) G.S. 1997-98**

**Ans. (d) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

27. **Between which two mountain ranges is the Valley of Kashmir situated?**
**किन दो पर्वत श्रेणियों के मध्य कश्मीर घाटी स्थित है?**
(a) Ladakh and Zanskar/लद्दाख व जास्कर
(b) Great Himalayas and Pir Panjal/बृहत् हिमालय व पीर पंजाल
(c) Great Himalayas and Zanskar/बृहत् हिमालय व जास्कर
(d) Karakoram and Ladakh/काराकोरम व लद्दाख

**MPPSC (Pre) G.S. I[st] Paper, 2016**

**Ans. (b) :** कश्मीर घाटी वृहत् हिमालय व पीर पंजाल श्रेणियों के मध्य स्थित है। कश्मीर हिमालय करेवा के लिए प्रसिद्ध है, जहाँ जाफरान की खेती की जाती है। बृहत हिमालय में जोजीला, पीर पंजाल में बनिहाल, जास्कर श्रेणी में फोटुला और लद्दाख में खर्दुगला जैसे महत्वपूर्ण दर्रे स्थित है।

28. **Himalayan peak Kanchenjunga is situated at.**
**हिमालय की ऊँची चोटी 'कंचनजंगा' कहां स्थित है?**
(a) Kashmir/कश्मीर
(b) Nepal/नेपाल
(c) Sikkim/सिक्किम
(d) Himachal Pradesh/हिमाचल प्रदेश

**MPPSC (Pre.) G.S. I[st] Paper 2014**

**Ans. (c) :** सिक्किम के उत्तर-पश्चिम भाग में नेपाल की सीमा पर स्थित कंचनजंगा विश्व की तीसरी सबसे ऊँची पर्वत चोटी है। जिसकी ऊँचाई 8,598 मी. है।

29. **The Kullu Valley is situated between the mountain ranges of/कुल्लु घाटी जिन पर्वत श्रेणी के बीच अवस्थित है, वे हैं–**
(a) Dhauladhar and Pir Panjal/धौलाधर तथा पीर पंजाल
(b) Ranjoti and Nag Tibba/रणज्योति तथा नाग टिब्बा
(c) Ladakh and Pir Panjal/लद्दाख तथा पीर पंजाल
(d) Middle Himalaya and Shiwalik/मध्य हिमालय तथा शिवालिक

**UPPCS (Pre.) G.S. 1999**
**UP Lower (Pre) Spl, 2002**

Ans. (a) : कुल्लू घाटी हिमाचल प्रदेश के अन्तर्गत धौलाधर तथा पीरपंजाल श्रेणी के मध्य अवस्थित है। पीर पंजाल शृंखला सबसे लम्बी तथा महत्वपूर्ण शृंखला है एवं महाभारत शृंखलाएँ भी महत्वपूर्ण हैं। इस शृंखला में कश्मीर की घाटी तथा हिमाचल के कांगड़ा एवं कुल्लू की घाटियाँ स्थित है। इसी क्षेत्र को पहाड़ी नगरों के लिए जाना जाता है।

**30. The Himalayan mountain ranges are not a part of which of the following state?/हिमालय पर्वत श्रेणियाँ निम्नलिखित में से किस राज्य का हिस्सा नहीं है?**

(a) Uttarakhand/उत्तराखण्ड (b) Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश
(c) Sikkim/सिक्किम
(d) Himachal Pradesh/हिमाचल प्रदेश

**MPPSC (Pre) G.S. Ist Paper 2012**

Ans. (b) : उत्तर प्रदेश राज्य से उत्तराखण्ड अलग हो जाने के बाद हिमालय की कोई भी शाखा उत्तर प्रदेश में नहीं आती है जबकि उत्तराखण्ड, सिक्किम तथा हिमाचल प्रदेश हिमालय से सम्बन्धित हैं।

**31. Choose the correct order from the following/निम्न में सही क्रम क्या है :**

(a) Godwin Austin, Kanchenjunga, Mount Everest/गाडविन ऑस्टिन, कंचनजंगा, माउन्ट एवरेस्ट
(b) Nanda Devi, Godwin Austin, Kanchenjunga/नंदादेवी, गाडविन ऑस्टिन, कंचनजंगा
(c) Mount Everest, Godwin Austin, Kanchenjunga/माउन्ट एवरेस्ट, गाडविन आस्टिन, कंचनजंगा
(d) Godwin Austin, Mount Everest, Kanchenjunga/गाडविन ऑस्टिन, माउन्ट एवरेस्ट, कंचनजंगा

**MPPSC(Pre) GS 1991**

Ans. (c) : एवरेस्ट, जो कि नेपाल में स्थित है, हिमालय की तथा विश्व की सबसे ऊँची चोटी है, जिसकी ऊँचाई 8848.86 मीटर (A.S.L.) हैं। गाडविन आस्टिन ($K_2$) भारत में हिमालय की सबसे ऊँची चोटी है, जिसकी ऊँचाई 8611 मी. (A.S.L.) है। कंचनजंगा भारत में हिमालय की दूसरी सबसे ऊँची चोटी है, जिसकी ऊँचाई 8598 मी. है।

**32. Nanda Devi peaks forms a part of/नन्दादेवी चोटी–**

(a) Assam Himalayas/असम हिमालय का भाग है
(b) Kumaon Himalayas/कुमाऊँ हिमालय का भाग है
(c) Nepal Himalayas/नेपाल हिमालय का भाग है
(d) Punjab Himalayas/पंजाब हिमालय का भाग है

**IAS (Pre) G.S. 2003**

Ans. (b) : नंदा देवी कुमाऊँ हिमालय की चोटी है। यह शिखर भारत के उत्तराखण्ड राज्य में गढ़वाल हिमालय में अवस्थित है।
हिमालय श्रेणी को तीन आधारों पर विभाजित किया जाता है—
(i) संरचना के आधार पर,
(ii) उच्चावच के आधार पर,
(iii) भौगोलिक आधार पर।
भौगोलिक आधार पर वर्गीकरण इस प्रकार किया गया है—
**पश्चिमी हिमालय (पंजाब हिमालय)–** सिंधु एवं सतलज के मध्य–560 किमी.
**कुमाऊँ हिमालय–** सतलज एवं काली नदी के मध्य–320 किमी.
**मध्य हिमालय (नेपाल हिमालय)–** काली एवं तिस्ता नदी के मध्य–800 किमी.
**पूर्वी हिमालय (असम हिमालय)–** तिस्ता एवं दिहांग (ब्रह्मपुत्र) नदी के मध्य–720 किमी.

**33. Nanda Devi peak is located in/नन्दा देवी शिखर स्थित है –**

(a) Himachal Pradesh/हिमाचल प्रदेश में
(b) Uttarakhand/उत्तराखण्ड में
(c) Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश में
(d) Sikkim/सिक्किम में

**MPPSC (Pre) G.S. Ist Paper 2013**
**Jharkhand PSC (Pre.) G.S. IInd Paper, 2013**
**UPPCS (Pre) Opt. Geog. 2001**

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**34. The highest peak of Himalaya in Uttar Pradesh is-/उत्तर प्रदेशीय हिमालय का सर्वोच्च शिखर है—**

(a) Chaukhambha/चौखम्बा (b) Dhaulagiri/धौलागिरि
(c) Nanda Devi/नन्दा देवी (d) Trishul/त्रिशूल

**UPPCS (Pre) G.S. 1996**

Ans. (c) : नंदा देवी 7817 मी. की ऊँचाई पर महान हिमालय में स्थित हैं। यह उत्तर प्रदेशीय हिमालय का सर्वोच्च शिखर है लेकिन अब यह उत्तराखण्ड में पड़ता है और उत्तराखण्ड का सर्वोच्च शिखर है।

**35. Which of the following mountain peak is not located in Uttarakhand?/निम्नलिखित पर्वत शिखरों में से कौन उत्तराखण्ड में स्थित नहीं है?**

(a) Kamet/कामेट (b) Banderpunch/बन्दरपूँछ
(c) Doonagiri/दूनागिरि (d) Nanga Parbat/नंगा पर्वत

**Uttarakhand RO/ARO G.S. 2016**

Ans. (d) : कामेट, बंदरपूंछ और दूनागिरि उत्तराखंड में स्थित है जबकि नंगापर्वत पाक अधिकृत कश्मीर के गिलगित-बाल्तिस्तान क्षेत्र में आता है। नंगा पर्वत को 'कातिल चोटी' भी कहा जाता है।

**36. 'Nanga Parbat' is located in/'नंगा पर्वत' अवस्थित है**

(a) Uttarakhand/उत्तराखंड में
(b) Himachal Pradesh/हिमाचल प्रदेश में
(c) Jammu and Kashmir/जम्मू एवं कश्मीर में
(d) Meghalaya/मेघालय में

**UPPSC Asst. Forest Conservator Exam. 2015**

Ans. (c) : नंगा पर्वत जम्मू-कश्मीर राज्य में अवस्थित है। नंगा पर्वत हिमालय पर्वत शृंखला के सुदूर पश्चिम भाग में स्थित है। यह दुनिया की 9वीं सबसे ऊँची चोटी है। इसकी ऊंचाई 8126 मी. है। इसे दुनिया का 'कातिल पहाड़' भी कहा जाता है।

**37. The highest mountain peak of India is/भारत का सबसे ऊँचा पर्वत शिखर है—**

(a) Kanchenjunga/कंचनजंगा (b) Makalu/मकालू
(c) Karakoram/काराकोरम (d) Mount Everest/माउण्ट एवरेस्ट

**RAS/RTS (Pre) G.S. 1994-95**
**RAS/RTS (Pre) Opt. Geog. 2006-07**

Ans. (a) : हिमालय का सर्वोच्च पर्वत शिखर माउन्ट एवरेस्ट नेपाल में है। भारत का सबसे ऊँचा पर्वत शिखर गॉडविन ऑस्टिन या K2 (8611 मीटर) है। कंचनजंगा (8598 मीटर) दूसरा स्थान प्राप्त है।

| पर्वत शिखर | अवस्थिति |
|---|---|
| माउंट ऐवरेस्ट (8848.86 मी.) | नेपाल |
| गॉडविन ऑस्टिन (K2–8611 मी.) | भारत |
| कंचनजंगा (8598 मी.) | भारत |
| मकालू (8481 मी.) | नेपाल |

**38. Highest mountain peak in India is/भारत की सर्वोच्च पर्वत चोटी है-**

(a) Mount Everest/माउण्ट एवरेस्ट
(b) Kanchenjunga/कंचनजंगा
(c) Godwin Austin/गॉडविन ऑस्टिन
(d) Nanga Parbat/नंगा पर्वत

**MPPSC (Pre) G.S., 2010**
**BPSC (Pre) G.S. 1997-98, 2000-01**

**Ans. (c) :** उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**39. Which of the following is the correct northward sequence of the relief features?/निम्नलिखित में से उत्तर दिशा की ओर की क्रमिक पर्वत श्रेणी कौन-सी है?**

(a) Zanskar Ranges, Pirpanjal Ranges, Ladakh Ranges, Karakoram Ranges/जास्कर पर्वत श्रेणी, पीरपंजाल पर्वत श्रेणी, लद्दाख पर्वत श्रेणी, काराकोरम पर्वत श्रेणी
(b) Pirpanjal Ranges, Zanskar Ranges, Ladakh Ranges, Karakoram Ranges/पीरपंजाल पर्वत श्रेणी, जास्कर पर्वत श्रेणी, लद्दाख पर्वत श्रेणी, काराकोरम पर्वत श्रेणी
(c) Karakoram Ranges, Ladakh Ranges, Zanskar Ranges, Pirpanjal Ranges/कारकोरम पर्वत श्रेणी, लद्दाख पर्वत श्रेणी, जास्कर पर्वत श्रेणी, पीरपंजाल पर्वत श्रेणी
(d) Pirpanjal Ranges, Ladakh Ranges, Zanskar Ranges, Karakoram Ranges/पीरपंजाल पर्वत श्रेणी, लद्दाख पर्वत श्रेणी, जास्कर पर्वत श्रेणी, काराकोरम पर्वत श्रेणी

**RAS/RTS (Pre) G.S., 2013**

**Ans. (b) :** उत्तर दिशा की ओर (दक्षिण से उत्तर) क्रमिक पर्वत श्रेणी पीर पंजाल→जास्कर→लद्दाख→काराकोरम।
अतः विकल्प (b) सही है।

**40. Which of the following is the correct order of the Himalayan Ranges from south to north in the western section?/पश्चिमी भाग में हिमालय की श्रेणियों का दक्षिण से उत्तर की ओर निम्नांकित में से कौन सा क्रम सही है?**

(a) Great Himalaya-Lesser Himalaya- Shiwalik
महान हिमालय-लघु हिमालय-शिवालिक
(b) Shiwalik-Lesser Himalaya-Great Himalaya
शिवालिक-लघु हिमालय-महान हिमालय
(c) Lesser Himalaya-Great Himalaya-Shiwalik
लघु हिमालय-महान हिमालय-शिवालिक
(d) Shiwalik-Great Himalaya-Lesser Himalaya
शिवालिक-महान हिमालय-लघु हिमालय
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Chattisgarh PSC (Pre) G.S. 2016**

**Ans. (b) :** पश्चिमी भाग में हिमालय की श्रेणियों का दक्षिण से उत्तर की ओर क्रम इस प्रकार है-शिवालिक, लघु हिमालय और महान हिमालय। इस प्रकार प्रश्नगत विकल्प (b) सत्य है।

**41. Zanskar Range is located in/जास्कर श्रेणी स्थित है -**

(a) Jammu-Kashmir/जम्मू-कश्मीर
(b) Uttarakhand/उत्तराखण्ड
(c) Assam/असम
(d) Arunachal Pradesh/अरुणाचल प्रदेश
(e) Meghalaya/मेघालय

**Chhattisgarh PSC (Pre.) G.S. Ist, 2012**

**Ans. (a) :** प्रश्नकाल में, जास्कर श्रेणी भारतीय राज्य जम्मू और कश्मीर में स्थित एक पर्वत शृंखला है, जो जास्कर (कारगिल जिले की एक तहसील) को लद्दाख से अलग करती है। वर्तमान में इसकी अवस्थिति केन्द्रशासित प्रदेश लद्दाख में है।

**42. Which one of the following states does not lie along Patkoi hills?/निम्नलिखित राज्यों में से कौन सा पटकाई पहाड़ियों से संलग्न नहीं है?**

(a) Nagaland/नागालैण्ड (b) Tripura/त्रिपुरा
(c) Manipur/मणिपुर (d) Mizoram/मिजोरम

**UPPCS (Mains) Ist Paper GS, 2015**

**Ans. (b) :** पटकाई पहाड़ियों का विस्तार नागालैण्ड, मणिपुर एवं मिजोरम राज्यों में है। यह अरुणाचल प्रदेश एवं म्यांमार की सीमा बनाती है। त्रिपुरा राज्य इससे संलग्न नहीं है।

**43. Consider the following pairs:
निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :**

| Place of Pilgrimage<br>तीर्थस्थान | | Location<br>अवस्थिति |
|---|---|---|
| 1. Srisailam<br>श्रीशैलम | : | Nallamala Hills<br>नल्लामाला पहाड़ियाँ |
| 2. Omakareshwar<br>ओंकारेश्वर | : | Satmala Hills<br>सतमाला पहाड़ियाँ |
| 3. Pushkar<br>पुष्कर | : | Mahadeo Hills<br>महादेव पहाड़ियाँ |

**Which of the above pairs is/are correctly matched?
उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**(IAS (Pre) Ist Paper G.S., 2015)**

**Ans. (a) :** श्रीशैलम आन्ध्र प्रदेश के कुर्नूल जिले में नल्लामाला पहाड़ी में स्थित है। ओंकारेश्वर मध्य प्रदेश में मांधाता पहाड़ी पर स्थित है, जिसे प्राचीन काल में शिवपुरी के नाम से जाना जाता था। महादेव पहाड़ियों की शृंखला मध्य प्रदेश में पाई जाती है और पुष्कर राजस्थान में है।
अतः विकल्प (a) सही है।

**44. In terms of origin which of the following mountain ranges is newest?/उत्पत्ति की दृष्टि से निम्न पर्वत श्रेणियों में से सबसे नवीनतम् कौन-सी है?**

(a) Ajanta Range/अजन्ता श्रेणी
(b) Palkonda Range/पालकोण्डा श्रेणी
(c) Kaimur Range/कैमूर पर्वत
(d) Patkai Range/पटकाई श्रेणी

**RAS/RTS (Pre.) G.S. 1996**

**Ans. (d) :** उत्पत्ति के कालक्रम की दृष्टि से पटकोई की पहाड़ियाँ सबसे नवीनतम है। शिवालिक पर्वत श्रेणी हिमालय पर्वत शृंखला की सबसे नवीनतम वलित (मोड़दार) पर्वत श्रेणी है। अजन्ता की पहाड़ियाँ प्राचीन दक्कन के पठार के अंतर्गत आने वाले महाराष्ट्र राज्य में स्थित है। पालकोण्डा, कुडप्पा, वेलीकोण्डा, एरामाला तथा नल्लामल्ला पहाड़ियाँ भी दक्षिणी भारत के प्रायद्वीपीय भाग में स्थित है। कैमूर मध्य भारत में स्थित विन्ध्य पर्वत श्रेणी की एक पहाड़ी है। पटकोई, नागा तथा लुसाई पहाड़ियाँ हिमालय के पूर्वी छोर में पूर्वोत्तर भारत में स्थित है।

**45. Most of the surface of Manipur is-**
**मणिपुर का अधिकांश धरातल है –**

(a) Ground/मैदानी (b) Plateau/पठारी
(c) Swampy/दलदली (d) Mountain/पर्वतीय

**RAS/RTS (PRE) G.S. 2009**

**Ans. (d) :** मणिपुर भारत की सीमा पर स्थित एक पर्वतीय राज्य है। यह राज्य चारों तरफ से घिरी पहाड़ियों के बीच की घाटी में स्थित है। राज्य के 90 प्रतिशत से अधिक भू-भाग पर पहाड़ियाँ हैं। मणिपुर पहाड़ी समुद्र तल से 970 मीटर ऊपर है। पहाड़ियाँ उत्तर में ऊँची हैं जो वृहत हिमालय का भाग हैं तथा दक्षिण में कम होते-होते समाप्त हो जाती हैं। घाटी भी दक्षिण की ओर ढाल बनाती है। उसके बाद से यहाँ मैदानी क्षेत्र शुरू होता है। राज्य कुल भू-भाग के 74.34 प्रतिशत क्षेत्र पर वन पाया जाता है। यहीं पर विश्व प्रसिद्ध शिराय लिली (लिलियम मैक्लीनी), **''स्वर्ग पुष्प''** भी पाया जाता है।

**46. Which one of the following mountain peaks is not located in India?/निम्नलिखित पर्वत शिखरों में कौन सा एक भारत में अवस्थित नहीं है?**

(a) Gosain Than/गोसाई थान (b) Kamet/कामेत
(c) Nanda Devi/नंदा देवी (d) Trishul/त्रिशूल

**UPPCS (Mains) G.S. Ist Paper, 2005**

**Ans. (a) :** कुमायूँ हिमालय में बद्रीनाथ, केदारनाथ, त्रिशूल, माना, गंगोत्री, नन्दादेवी, कामेत आदि चोटियाँ स्थित हैं जबकि गोसाईथान शिखर चीन में अवस्थित है।

**47. Which one of the following is the youngest mountain chain?/निम्नलिखित में से कौन सबसे नवीन पर्वत श्रेणी है?**

(a) Vindhyas/विंध्य (b) Aravalli/अरावली
(c) Shiwaliks/शिवालिक (d) Annamalai/अन्नाइमलाई

**UP UDA/LDA (Pre) G.S. 2010**

**Ans. (c) :** शिवालिक श्रेणी हिमालय की सबसे नवीन पर्वत श्रेणी है। सेनोजोइक युग में इंडोब्रम्ह नदी के तल में उत्थान हो जाने से शिवालिक हिमालय का निर्माण हुआ। यह पर्वत श्रेणी मुख्य हिमालय की नदियों द्वारा लायी गयी असम्पीड़ित मृदा से हुआ है। पूर्व में तिस्ता तथा रायडाक नदियों के निकट शिवालिक श्रेणी लुप्त हो जाती हैं, म्याँमार का अराकान योमा शिवालिक का ही विस्तार है। शिवालिक को पूर्वी भाग में दुआर, तथा पश्चिमी एवं मध्यवर्ती भाग में दून कहते हैं जैसे- देहरादून।

**48. Which of the following ranges separate the Kashmir Valley from the Indus Valley?/निम्नलिखित में से कौन-सी शृंखला कश्मीर घाटी को सिंधु घाटी से अलग करती है?**

(a) Dhauladhar/धौलाधार
(b) Great Himalayan/ग्रेट हिमालयन
(c) Pir Punjal/पीर पंजाल
(d) Shivalik/शिवालिक
(e) None of these/इनमें से कोई नहीं

**Chhattisgarh PSC (Pre.) G.S. I$^{st}$, 2012**

**Ans. (b) :** ग्रेट हिमालयन श्रेणी कश्मीर घाटी को सिंधु घाटी से अलग करती है, जिसे हिमाद्रि, सर्वोच्च और वृहद् हिमालय के नाम से भी जाना जाता है। यह हिमालय की सर्वोच्च तथा सबसे ऊपरी श्रेणी है जिसका आंतरिक भाग आर्कियन शैलों (ग्रेनाइट, नीस तथा शिष्ट चट्टानें) तथा सिरे एवं पार्श्व भागों में कायांतरित अवसादी शैलों से निर्मित है। इस श्रेणी की औसत ऊँचाई 6000 मी. लम्बाई 2500 (2400) किमी. और चौड़ाई 25 किमी. है। यह पश्चिम में नंगा पर्वत से पूर्व में नामचा बरवा पर्वत तक एक चाप की भाँति पर्वतीय दीवार के रूप में फैली है। मध्य भाग जो प्रमुखतः नेपाल देश में विस्तृत है, सबसे ऊँचा भाग है। इस पर्वत की सबसे ऊँची चोटी माउण्ट एवरेस्ट, मकालू, नन्दा देवी, त्रिशूल, बद्रीनाथ, नीलकण्ठ और केदारनाथ है।

**49. Which is the highest mountain?/कौनसा सबसे ऊँचा पर्वत है?**

(a) Mount Everest/माउण्ट एवरेस्ट
(b) Kanchenjunga/कंचनजंगा
(c) Lhotse/लोट्से
(d) Makalu/मकालु

**Chhattisgarh PSC (Pre) G.S. 2010-11**

**Ans. (a) :** माउण्ट एवरेस्ट (8848.86 मीटर) एशिया में विश्व का सबसे ऊँचा पर्वत शिखर है जो नेपाल में स्थित है। माउण्ट एवरेस्ट को तिब्बत में चोमोलुंग्मा (बर्फ की देवी) तथा नेपाल में सागरमाथा (ब्रह्माण्ड की माता) कहते हैं। इसे पृथ्वी का तीसरा ध्रुव भी कहते हैं।

**50. The important ranges of Dhauladhar and Pir Panjal are located in/धौलाधर तथा पीर पंजाल की महत्वपूर्ण श्रेणियां अवस्थित हैं-**

(a) Trans Himalaya/ट्रांस हिमालय में
(b) Great Himalaya/महान् हिमालय में
(c) Lesser Himalaya/लघु हिमालय में
(d) Outer Himalaya/बाह्य हिमालय में

**UPPCS (Pre) G.S. 2002**

**Ans. (c) :** धौलाधर (हिमाचल प्रदेश), पीर पंजाल (जम्मू कश्मीर) श्रेणियाँ लघु हिमालय में अवस्थित है। लघु हिमालय के औसत ऊँचाई 3700 से 4500 मीटर तक है इसमें पंजाब, कुमाऊँ, नेपाल तथा असम के हिमालयी क्षेत्र सम्मिलित हैं। लघु हिमालय की प्रमुख श्रेणियाँ, धौलाधर तथा पीरपंजाल है।

**51. Which of the following states of India represents all the physical states of the country?**
**भारत के निम्न राज्यों में से कौन देश के सभी चारों भौतिक प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करता है-**

(a) Orissa/उड़ीसा
(b) Himachal Pradesh/हिमाचल प्रदेश
(c) West Bengal/पश्चिम बंगाल
(d) Karnataka/कर्नाटक

**UPPCS (Pre) G.S. 2003**

**Ans. (c) :** पं. बंगाल राज्य में पर्वत प्रदेश, (दार्जिलिंग जिला), मैदानी प्रदेश (निचला गंगा मैदान), प्रायद्वीप क्षेत्र (वर्धमान जिला) तथा तटीय मैदान प्रदेश (कोलकाता तथा गंगासागर) सभी चारों भौतिक प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करता है।

**52. Arrange the following mountain ranges in sequence from north to south and choose the answer from the codes—**
**निम्नलिखित पर्वत श्रेणियों को उत्तर-दक्षिण क्रम में व्यवस्थित कीजिए तथा कूट से सही उत्तर चुनिये :**

1. Dhauladhar/धौलाधर2. Ladakh/लद्दाख
3. Pir Panjal/पीर पंजाल4. Zansker/जास्कर

**Codes/कूट :**

(a) 2, 4, 1, 3 (b) 4, 2, 1, 3
(c) 2, 4, 3, 1 (d) 4, 2, 3, 1

**UPPCS (Pre) Opt. Geog. 2008**

**Ans. (c) :** हिमालय के उत्तर में फैली हुई पर्वतमालाओं को जम्मू-कश्मीर में ट्रान्स हिमालय के नाम से जाना जाता है। ट्रान्स हिमालय का सबसे उत्तर से दक्षिण क्रम क्रमशः काराकोरम, लद्दाख, जास्कर पर्वतमाला, पीरपंजाल तथा धौलाधर चोटियाँ मध्य हिमालय के पश्चिमी भाग हैं अतः विकल्प (c) सही है।

**53. Which of the following expresses the true status of cold desert in India?/निम्नलिखित में से कौन-सा भारत में 'शीत मरुस्थल' की सही अवस्थिति को अभिव्यक्त करता है-**

(a) North-East of Karakoram range
काराकोरम श्रेणी के उत्तर-पूर्व में
(b) West of Pir Panjal range/पीर पंजाल श्रेणी के पश्चिम में
(c) South of Shivalik range/शिवालिक श्रेणी के दक्षिण में
(d) West of Aravalli range/अरावली श्रेणी के पश्चिम में

**(I.A.S. (Pre) Opt. Geog. 2003)**

**Ans. (a) :** भारत में 'शीत मरुस्थल की सही अवस्थिति काराकोरम श्रेणी के उत्तर-पूर्व को अभिव्यक्त करता है। इस क्षेत्र में बहुत अधिक ठण्ड पड़ती है और वर्षा न होने के कारण यह भाग शुष्क रहता है। इसलिए इसे शीत मरूस्थल की संज्ञा दी जाती है।

**54. Which one of the following pair is not correctly matched?/निम्नलिखित में से कौन एक युग्म सुमेलित नहीं है?**

(a) Pirpanjal – Lesser Himalaya
पीरपंजाल – लघु हिमालय
(b) Potwar – Kumaon Himalaya
पोटवार – कुमाऊँ हिमालय
(c) K2 – Karakoram/काराकोरम
(d) Karewa – Kashmir valley
करेवा – काश्मीर घाटी

**UPPCS (Pre) Opt. Geog. 2010**

**Ans. (b) :** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है –

| | | |
|---|---|---|
| (a) पीरपंजाल | – | लघु हिमालय |
| (b) पोटवार | – | पाकिस्तान पठार |
| (c) $K_2$या गॉडविन ऑस्टिन | – | काराकोरम की पर्वत चोटी |
| (d) करेवा | – | कश्मीर घाटी में स्थित उपजाऊ मैदान |

अतः विकल्प (b) सही सुमेलित नहीं है।

**55. Assertion-(A)** The new folded Mountains are also known as Tertiary Mountains.
**कथन (A) :** नवीन वलित पर्वतों को टर्शियरी पर्वत भी कहा जाता है।
**Reason-(R)** They are formed mainly with the help of constructive plate Boundry.
**कारण (R)** : इनका निर्माण मुख्यतः रचनात्मक प्लेट किनारों के सहारे हुआ है।
**Choose the correct answer of the code :**
**कूट से सही उत्तर चुनिये :**
**Codes/कूट :**
(a) A and R both is true and R is correct explanation to A/(A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है
(b) A and R both is true but R is not correct explanation to A/(A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A is true but R is false/(A) सही है, परन्तु (R) गलत है
(d) A is false but R is true/(A) गलत है, परन्तु (R) सही है

**UPPCS (Pre) Opt. Geog. 2008**

**Ans. (c) :** हर्सीनियन पर्वतीकरण के बाद एक शान्त काल के पश्चात् टर्शियरी युग में पुनः चतुर्थ पर्वत निर्माणकारी घटना घटित हुई, जिससे विश्व के वर्तमान उच्चतम एवं नवीनतम वलित पर्वतों का सृजन हुआ। इसका निर्माण विनाशात्मक प्लेट किनारों के सहारे हुआ है। प्रमुख वलित पर्वत हैं– राकीज, एण्डीज, एटलस, हिमालय आदि। रचनात्मक किनारों के सहारे नये पदार्थों का निर्माण होता है। यह प्रक्रिया मध्य अटलांटिक कटक के सहारे सम्पन्न होती है।

**56. Match the list I with list Ii and choose the correct answer using the codes given below—**
**सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिये एवं नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये -**

| List-I/सूची I (Mountain Range) (पर्वत क्रम) | List-II/सूची II (types) (प्रकार) |
|---|---|
| A. Himalaya/हिमालय | 1. Blocked/भ्रंशोत्थ |
| B. Sahyadri/सह्याद्रि | 2. Folded/वलित |
| C. Rajmahal/राजमहल | 3. Residual/अवशिष्ट |
| D. Nilgiri/नीलगिरि | 4. Volcanoic/ज्वालामुखी |

**Codes/कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 | (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 | (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

**UPPCS (Pre) Opt. Geog. 2004**

**Ans. (c) :** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है–

| पर्वत क्रम | | प्रकार |
|---|---|---|
| हिमालय | – | वलित |
| सह्याद्रि | – | भ्रंशोत्थ |
| राजमहल | – | ज्वालामुखी |
| नीलगिरि | – | अवशिष्ट |

अतः विकल्प (c) सही सुमेलित है।

**57. Consider the following/निम्नलिखित पर विचार कीजिए :**
1. Jammu Hills/जम्मू पहाड़ियाँ
2. Mikir Hills/मिकिर पहाड़ियाँ
3. Zaskar mountain range/जास्कर पर्वतमाला

**In which of the above the rainfall occurs more than 100 cm?/उपर्युक्त में किस/किन में वर्षा 100 सेंमी. से अधिक होता है?**

(a) Only 1 & 2/केवल 1 और 2
(b) Only 2/केवल 2
(c) Only 1 & 3/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 & 3/1, 2 और 3

**IAS (Pre) Opt. Geog. 2008**

**Ans. (a) :** जम्मू और मिकिर की पहाड़ियां शिवालिक पर्वतमाला में स्थित है, जहाँ वर्षा 100 सेमी. से अधिक होती है। जास्कर पर्वतमाला ट्रान्स पर्वतमाला का भाग है, जो हिमालय के उत्तर में है, जहाँ वर्षा नाममात्र की होती है।

**58. Match the list I with list II and choose the correct answer using the codes given below/ सूची I (नाम) को सूची II (अवस्थिति) से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

| **List-I/सूची I (Name)/(नाम)** | **List-II/सूची II (Location)/(अवस्थिति)** |
|---|---|
| (a) Bhabar भाँबर | 1. Karakoram range काराकोरम श्रेणी |
| (b) Siachen Glacier सियाचिन हिमनद | 2. Himachal Pradesh हिमाचल प्रदेश |
| (c) Bundelkhand plateau बुंदेलखण्ड पठार | 3. Alongwith Shivalik foothills शिवालिक के गिरिपादों के साथ |
| (d) Rohatang Pass रोहतांग दर्रा | 4. Between Gangetic plain and the verge of Vindhyachal गंगा के मैदान तथा विध्यांचल कगार भूमि के मध्य |

**Codes/कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 | (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 | (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**(I.A.S. (Pre) Opt. Geog. 2003)**

**Ans. (b) :** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है।

| **(नाम)** | | **(अवस्थिति)** |
|---|---|---|
| भाँबर | – | शिवालिक के गिरिपादों के साथ |
| सियाचिन हिमनद | – | काराकोरम श्रेणी |
| बुंदेलखण्ड पठार | – | गंगा के मैदान तथा विध्यांचल कगार भूमि के मध्य |
| रोहतांग दर्रा | – | हिमाचल प्रदेश |

अतः विकल्प (b) सही सुमेलित है।

**59. Which one of the following is the correct order of Himalayan ranges from North to South?**
**उत्तर से दक्षिण की ओर हिमालयी पर्वत श्रेणियों (रेंज) का सही अनुक्रम निम्नलिखित में से कौन-सा है?**

(a) Karakoram, Ladakh, Zaskar, Pir Panjal, Siwalik
काराकोरम, लद्दाख, जास्कर, पीर पंजाल, शिवालिक
(b) Ladakh, Zaskar, Pir Panjal, Karakoram, Siwalik
लद्दाख, जास्कर, पीर पंजाल, काराकोरम, शिवालिक
(c) Pir Panjal, Zaskar, Karakoram, Ladakh, Siwalik
पीर पंजाल, जास्कर, काराकोरम, लद्दाख, शिवालिक
(d) Siwalik, Zaskar, Pir Panjal, Ladakh, Karakoram
शिवालिक, जास्कर, पीर पंजाल, लद्दाख, काराकोरम

**CAPF - 2019 (I)**

**Ans. (a)** हिमालयी पर्वत श्रेणियों का सही अनुक्रम उत्तर से दक्षिण की ओर काराकोरम, लद्दाख, जास्कर, पीर पंजाल और शिवालिक है।
अतः विकल्प (a) सही है।

**60. Which one of the following is the highest mountain peak?/निम्नलिखित में से कौन-सी एक, सर्वोच्च पर्वत चोटी है?**

(a) Nanga Parbat/नंगा पर्वत (b) Nanda Devi/नन्दा देवी
(c) Kanchanjunga/कंचनजंघा (d) K2/ के 2

**NDA (II) 2008**

**Ans : (d)** हिमालय नवीन एवं वलित पर्वत श्रृंखला है। विश्व की अधिकांश ऊँची पर्वत चोटियाँ इस श्रृंखला में अवस्थित है, जिनमें विश्व की सर्वोच्च ऊँची चोटी माउण्ट एवरेस्ट (8848.86 मी.) शामिल है। उपर्युक्त विकल्पों में दी गयी चोटियाँ भी हिमालय पर्वत श्रृंखला से सम्बन्धित है, जिनकी ऊँचाई क्रमशः है–के-2 या गॉडविन ऑस्टिन (8,611 मी.), कंचनजंघा (8598 मी.), नंगा पर्वत (8,126 मी.) एवं नंदा देवी (7,817 मी.)।


**61. Which one of the following does not characterize the Himalayas?/निम्नलिखित में से कौन-सी, हिमालय की विशेषता नहीं है?**

(a) Various parallel ranges of the Himalayas form a convex arc/हिमालय के दोनों समान्तर श्रेणियाँ उत्तल चाप का निर्माण करती हैं
(b) There exist syntaxial bends at both the terminals of the Himalayas/हिमालय के दोनों सिरो पर अक्षसंघीय मोड़ विद्यमान है
(c) Indus, Sutlej and Brahmaputra rivers are examples of antecedent drainage/सिन्धु, सतलज और ब्रह्मपुत्र नदियाँ पूर्ववर्ती अपवाह का उदाहरण हैं
(d) The Himalayas are wider in the east than in the west हिमालय, पश्चिम की तुलना पूर्व में अधिक चौड़ा है।

**NDA (II) 2010**

**Ans. : (d)** हिमालय विश्व की नवीनतम् मोड़दार या वलित पर्वतमाला है। जिसकी उत्पत्ति टर्शियरी काल में हुई। हिमालय पर्वत श्रृंखला कश्मीर से अरुणाचल प्रदेश तक 2500 किमी. लम्बाई में फैली हुई है। पूर्व में इसकी चौड़ाई 150 किमी. तथा पश्चिम में 400 किमी. है, जिसका कारण पश्चिम की अपेक्षा पूर्व में दबाव बल का अधिक होना है। दबाव बल अधिक होने के कारण ही पश्चिमी हिमालय पूर्वी हिमालय की अपेक्षा अधिक चौड़ा है।

**62. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the Lists:**
**सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :**

| **List-I/सूची-I (Peak in the Eastern Himalaya/ पूर्वी हिमालय में शिखर)** | **List-II/ सूची-II (Location in the map/ मानचित्र में अवस्थान)** |
|---|---|
| **A. Makalu/मकालु**<br>**B. Kanchenjunga कंचनजंघा**<br>**C. Namcha Barwa नामचा बरवा**<br>**D. Mount. Everest माउंट एवरेस्ट** |  |

**Code/कूटः**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 | (b) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (c) | 1 | 4 | 3 | 2 | (d) | 1 | 3 | 4 | 2 |

**NDA (I) 2011**

**Ans. : (a)** 2 संख्या पर मकालु (8481), 3 संख्या पर कंचनजंघा (8598), 4 संख्या पर नामचा बरवा (7756) तथा 1 संख्या पर स्थित चोटी माउंट एवरेस्ट (8848.86) है।
अतः विकल्प (a) सही है।

**63. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the Lists :**
**सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :**

| List-I/सूची-I (Himalayan Peak/ हिमालय शिखर) | List-II/सूची-II (State/राज्य) |
|---|---|
| A. K2/के 2 | 1. Uttarakhand उत्तराखण्ड |
| B. Nanda Devi नन्दादेवी | 2. Jammu & Kashmir जम्मू-कश्मीर |
| C. Tara Pahar तारा पहाड़ | 3. Sikkim/सिक्किम |
| D. Kanchenjunga कंचनजंगा | 4. Himachal Pradesh हिमाचल प्रदेश |

**Code/कूट:**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 | (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 | (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**NDA (II) 2012**

**Ans. (b) :** सही सुमेलित क्रम इस प्रकार हैः-

| (हिमालय शिखर) | | (राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश) |
|---|---|---|
| $K_2$ | – | जम्मू-कश्मीर (वर्तमान लद्दाख) |
| नन्दादेवी | – | उत्तराखण्ड |
| तारा पहाड़ | – | हिमाचल प्रदेश |
| कंचनजंगा | – | सिक्किम |

अतः विकल्प (b) सही है।

**64. Jawahar tunnel on Jammu-Srinagar highway passes through/जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर, जवाहर सुरंग कहाँ से गुज़रती है?**

(a) Pir Panjal range/पीर पंजाल श्रेणी
(b) Karakoram range/काराकोरम श्रेणी
(c) Zaskar range/ज़ास्कर श्रेणी
(d) Dhauladhar range/धौलाधर श्रेणी

**NDA (II) 2013**
**UPPSC (Pre.) Opt. Geo. 2004**

**Ans. (a) :** जवाहर सुरंग जम्मू और कश्मीर केन्द्र शासित प्रदेश के दक्षिण-पश्चिम में स्थित पीरपंजाल श्रेणी से होकर गुजरती है। इससे जम्मू से श्रीनगर जाने का मार्ग गुजरता है। जवाहर सुरंग भी इसी में स्थित है। जोजिला दर्रा जास्कर श्रेणी में स्थित है, जिससे श्रीनगर से लेह जाने का मार्ग गुजरता है। बुर्जिल दर्रे से श्रीनगर से गिलगिट को मार्ग जाता है। थाल घाट और भोर घाट दर्रे महाराष्ट्र में स्थित है। जिससे क्रमशः मुम्बई-नागपुर-कोलकाता तथा मुम्बई-पुणे के लिए रेल तथा सड़क मार्ग गुजरती है। पाल घाट तथा शेनकोट्टा दर्रा केरल में स्थित है। जो कोझिकोड को कोयम्बटूर से जोड़ता है।

**65. Considering the locations of mountains in India, which one among the following is in right sequence from south to north?/भारत में पर्वतों के अवस्थान पर विचार करते हुए निम्नलिखित में से कौन-सा एक दक्षिण से उत्तर की ओर का सही अनुक्रम है?**

(a) Doddabetta, Kailash, Dhaulagiri, Vindhyachal डोड्डाबेट्टा, कैलाश, धौलागिरि, विंध्याचल
(b) Doddabetta, Vindhyachal, Dhaulagiri, Kailash/डोड्डाबेट्टा, विंध्याचल, धौलागिरि, कैलाश
(c) Dhaulagiri, Kailash, Doddabetta, Vindhyachal/धौलागिरि, कैलाश, डोड्डाबेट्टा, विंध्याचल
(d) Dhaulagiri, Vindhyachal, Doddabetta, Kailash/धौलागिरि, विंध्याचल, डोड्डाबेट्टा, कैलाश

**NDA (I) 2014**

**Ans. (b) :** भारत में पर्वतों के अवस्थान दक्षिण से उत्तर की ओर सही अनुक्रम इस प्रकार है-

डोडाबेट्टा → विंध्याचल → धौलागिरी → कैलाश।

दक्षिण भारत का दूसरा सर्वोच्च शिखर डोडाबेट्टा है। विंध्याचल श्रेणी मालवा पठार के दक्षिणी सिरे में विस्तृत है जो एक जलविभाजक है। धौलागिरि वृहद् हिमालय की एक चोटी है जो नेपाल में स्थित है। कैलाश पर्वत लद्दाख श्रेणी पर अवस्थित है।

**66. Arrange the following popular hill stations of India in terms of their height (from highest to the lowest) the mean sea level :/भारत के निम्नलिखित लोकप्रिय पर्वतीय स्थानों को माध्य समुद्र तल से उनकी ऊँचाई (उच्चतम से निम्नतम) के आधार पर क्रमबद्ध कीजिये :**

1. Mussoorie/मसूरी
2. Shimla/शिमला
3. Ooty/ऊटी
4. Darjeeling/दार्जिलिंग

**Select the correct answer using the code given below :**
**नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 3-2-4-1
(b) 3-1-4-2
(c) 2-3-4-1
(d) 2-4-1-3

**CDS (I) 2016**

**Ans : (c)** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है–

| (पर्वतीय स्थान) | | (समुद्र तल से औसत ऊँचाई) |
|---|---|---|
| शिमला (हिमाचल प्रदेश) | - | 300-6000 मीटर |
| ऊटी (तमिलनाडु) | - | 2240 मीटर |
| दार्जलिंग (पश्चिम बंगाल) | - | 2134 मीटर |
| मसूरी (उत्तराखण्ड) | - | 2000 मीटर |

अतः विकल्प (c) सही सुमेलित है।

**67. Pir Panjal Range in the Himalayas is a part of :**
**हिमालय की पीर पंजाल पर्वतमाला किसका भाग है?**

(a) Shiwalik/ शिवालिक
(b) Trans Himalaya/ पार हिमालय
(c) Central Himalaya/ केन्द्रवर्ती हिमालय
(d) Lesser Himalaya/ निम्न हिमालय

**CDS (I) 2016**

**Ans : (d)** पीरपंजाल पर्वतमाला लघु हिमालय का भाग है। पीरपंजाल निचले हिमालय की सबसे ऊँची शृंखला है। यह जम्मू कश्मीर एवं हिमाचल प्रदेश में फैला है। इसके दक्षिण में शिवालिक श्रेणी है।

68. **Which one of the following statements about the Himalayas is NOT correct ?/हिमालय के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है ?**

(a) They are young fold mountains/ये नये वलन पर्वत (यंग फोल्ड माउन्टेन) हैं
(b) They have geosynclinal rocks/इनमें भू-अभिनतिक चट्टानें हैं
(c) Himalayan frontal faults (HFF) separates Himalaya from Tibet/हिमालय के अग्र भ्रंश (हिमालयन फ्रंटल फॉल्ट्स, HFF) हिमालय को तिब्बत से अलग करते हैं
(d) Indus and Sutlej rivers form antecedent drainage in Himalaya/सिंधु और सतलुज नदियाँ हिमालय में पूर्ववर्ती अपवाह बनाती हैं

**CAPF (AC) Paper-I 2017**

**Ans. (c) :** हिमालय का निर्माण एक लम्बे भूगर्भिक हलचल के दौरान हुआ। इसके निर्माण के सम्बन्ध में कोबर का 'भूसन्नति का सिद्धांत' एवं हैरी हेस का **प्लेट विवर्तनिक सिद्धांत** सर्वाधिक मान्य है। इसका निर्माण सेनोजोइक महाकल्प के इयोसीन व ओलिगोसीनकल्प में हुआ। यह एक नवीन मोड़दार (वलित) पर्वत है।
यह पर्वत भू-अभिनतिक चट्टानों से बना है। हिमालय पर्वत अभी भी निर्माणावस्था में है। हिमालय श्रेणी का ढाल तिब्बत की ओर नतोदर है तथा भारत की ओर उन्नतोदर प्रकार है। यही ढाल तिब्बत को हिमालय से अलग करती है। न कि हिमालय के अग्रभ्रंश द्वारा। हिमालय से निकलने वाली नदियों में सिन्धु, सतलज पूर्ववर्ती नदी का उदाहरण है। ये नदियाँ ढाल बनने के पश्चात ढाल के अनुरूप बहना प्रारंभ कर देती हैं।
अत: उपर्युक्त कथनों में कथन (c) असत्य है।

69. **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

(a) हिमालय के पश्चिम भाग की ऊंचाई उसके पूर्वी भाग की ऊंचाई की तुलना में अधिक है
(b) हिमालय तरुण वलित पर्वत हैं
(c) शिवालिक पर्वत शृंखला असंपीडित नदी निक्षेप से बनी है
(d) हिमालय कश्मीर में अधिक चौड़े हैं और पूर्व में संकीर्ण हो जाते हैं

**EPFO/APFC 2004**

**Ans. (c) :** हिमालय पर्वत कश्मीर से असम तक 2500 किमी. लम्बा है। सामान्यतया इसका विस्तार गिलगिट के निकट सिन्धु नदी की मोड़ से असम में ब्रह्मपुत्र नदी तक माना जाता है। पश्चिम की ओर हिमालय अधिक चौड़ा है जबकि पूरब की ओर कम हो जाती है। हिमालय निर्माण के तृतीय चरण अर्थात् प्लायोसीन युग में वलन के कारण शिवालिक श्रेणी का निर्माण हुआ न कि असंपीडित नदी निक्षेप से। हिमालय कश्मीर में अधिक चौड़ा है और पूर्व में संकीर्ण हो जाता है। प्रश्नानुसार विकल्प (c) सही नहीं है शेष विकल्प सही है।

70. **हिमालय का विस्तार अराकान योमा कहाँ स्थित है?**

(a) बलूचिस्तान में (b) म्यांमार में
(c) नेपाल में (d) कश्मीर में

**IAS (Pre) 1995**

**Ans. (b) :** हिमालय का विस्तार अरकान योमा तथा पेगू यामा पहाड़ियाँ म्यांमार में स्थित है। नेपाल में स्थित हिमालय की प्रमुख श्रेणियाँ – एवरेस्ट, सागरमाथा, अन्नपूर्णा आदि हैं। कश्मीर में स्थित हिमालय के शिखर हैं - जास्कर, कराकोरम आदि हैं।

71. **हिमालय की रचना समांतर वलय श्रेणियों में हुई है, जिसमें से प्राचीनतम श्रेणी है–**

(a) शिवालिक श्रेणी (b) निम्न हिमालय श्रेणी
(c) वृहत् हिमालय श्रेणी (d) धौलाधार श्रेणी

**IAS (Pre) 1994**

**Ans. (c) :** हिमालय पृथ्वी की आंतरिक शक्तियों से धरातल की चट्टानों के मुड़ जाने से निर्मित वलित (fold) पर्वत है। हिमालय प्राचीन 'टेथिस सागर' की विशाल भू-द्रोणी में वलन पड़ने के कारण निर्मित हुआ है। जिसकी विभिन्न श्रेणियों का विकास भिन्न-भिन्न कालों में हुआ हिमालय की सबसे प्राचीनतम पर्वत श्रेणी वृहत् हिमालय श्रेणी है, जबकि निम्न हिमालय, धौलाधार एवं शिवालिक हिमालय परवर्ती काल में निर्मित श्रेणियाँ हैं। इनमें से शिवालिक श्रेणी हिमालय की सबसे नवीनतम पर्वत श्रेणी है।

72. **पश्चिमी हिमालय में उच्च पर्वतीय वनस्पति 3000 मीटर की ऊँचाई तक ही उपलब्ध होती है, जबकि पूर्वी हिमालय में वह 4000 मीटर की ऊँचाई तक उपलब्ध होती है। एक ही पर्वत श्रृंखला में इस विविधता का कारण है –**

(a) पूर्वी हिमालय का पश्चिमी हिमालय से अधिक ऊँचा होना
(b) पूर्वी हिमालय का भूमध्यरेखा और समुद्र तट से पश्चिमी हिमालय की अपेक्षा अधिक निकट होना
(c) पूर्वी हिमालय पर पश्चिमी हिमालय की अपेक्षा अधिक मानसूनी वर्षा होना
(d) पूर्वी हिमालय की चट्टानों का पश्चिमी हिमालय की चट्टानों से अधिक उर्वर होना

**IAS (Pre) 1995**

**Ans. (b) :** चूँकि पूर्वी हिमालय, पश्चिमी हिमालय की अपेक्षा समुद्र एवं भूमध्य रेखा के अधिक निकट स्थित है। अतः पूर्वी हिमालय में हिम रेखा की ऊँचाई अधिक मिलती है। फलस्वरूप वनस्पति की ऊँचाई भी पश्चिमी हिमालय की अपेक्षा अधिक मिलती है।

73. **The snow line in Himalaya is between-**
**हिमालय में हिमरेखा निम्न के बीच होती है -**

(a) 4,500 to 6,000 meter east/4,500 से 6,000 मीटर पूर्व में
(b) 4,000 to 8,500 meter west/4,000 से 8,500 मीटर पश्चिम में
(c) 4,500 to 6,000 meter west/4,500 से 6,000 मीटर पश्चिम में
(d) None of the above/उपरोक्त में से कोई नहीं

**BPSC (Pre) G.S. 1994**

**Ans. (c) :** किसी पर्वत या उच्च भूमि पर वह कल्पित रेखा जिसके ऊपर सदैव बर्फ जमी रहती है, हिमरेखा कहलाती है। हिमालय में हिम रेखा की ऊँचाई सर्वत्र भिन्न है। असम हिमालय में अधिक आर्द्रता के कारण 4420 मी. पर हिमरेखा पायी जाती है जबकि कश्मीर हिमालय में शुष्कता के कारण 6000 मी. पर हिमरेखा मिलती है। नेपाल हिमालय में 4500 मी. तथा कुमायूँ व पंजाब हिमालय में 5200 मी. पर हिम रेखा स्थित है।

74. **In which district, the major portion of the Chhuri hills is distributed?/छुरी की पहाड़ियों का अधिकांश भाग किस जिले में वितरित है ?**

(a) Korba/कोरबा (b) Mungeli/मुंगेली
(c) Bilaspur/बिलासपुर (d) Kabirdham/कबीरधाम

**CGPSC (Pre) 2021**

**Ans. (a) :** छुरी की पहाड़ियों का सर्वाधिक विस्तार कोरबा जिले में है। कोरबा के अतिरिक्त इसका विस्तार सरगुजा एवं रायगढ़ में भी है। इस पहाड़ी को मांड नदी उत्तर से दक्षिण दो भागों में विभाजित करती है।

75. **Churri-Udaipur hill extends-**
**छुरी-उदयपुर पहाड़ियों का विस्तार है –**

(a) Korba- Balrampur/कोरबा – बलरामपुर
(b) Korba-Raigarh/कोरबा – रायगढ़
(c) Balrampur-Surajpur/बलरामपुर – सूरजपुर
(d) Bilaspur-Kawardha/बिलासपुर – कवर्धा
(e) Korba-Koriya/कोरबा – कोरिया

**Chhattisgarh PSC (Pre) G.S. Ist 2014**

**Ans. (b) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।